

रांची, रविवार, 2 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 3 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 177 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ सेहत व त्वचा के लिए दोनों ही लाभकारी है हल्दी पानी

मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल का एक्स का अकाउंट हैक ◂◂ 6


## तीन साल के बच्चे को पीठ पर बांधकर कुएं में कूदी मां, दोनों की मौत

मेट्रो रेज

**खूंटी :** जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां कर्रा थाना क्षेत्र के छाता पंचायत के सावदा गांव निवासी 38 वर्षीय झालो बारला ने अपने तीन वर्षीय बेटे को पीठ पर बांधकर घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं में कूदकर जान दे दी। बताया जाता है कि झालो शुक्रवार की रात अपने दो नाबालिग बेटियों के साथ बेटे को पीठ पर बांधकर पैदल ही घर से निकली थी। मां जब अपने भाई के साथ कुएं में कूदी तो दोनों बेटियां भागकर घर पहुंची और अपने पिता बिजला बारला को घटना की



जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसियों ने दोनों को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक मां-बेटे की मौत हो चुकी थी। बिजला बारला गरीबी के कारण दिहाड़ी मजदूरी करता है और उसकी पत्नी हमेशा नशे में रहती थी, जिससे उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शनिवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद पंचायत के मुखिया सुखराम ने कर्रा पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एसआई निशा कुमारी के नेतृत्व में कर्रा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई। उधर, पत्नी की मौत से बिजला का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों बेटियां रो-रोकर बेहाल हैं। इस घटना के बाद पूरा गांव मातम में डूबा हुआ है।

## पलामू बाघ अभयारण्य में मिला हाथी का शव

मेट्रो रेज

**लातेहार :** जिले में पलामू बाघ अभयारण्य (पीटीआर) में एक हाथी का शव मिला है। एक वन अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। हाथी का शव शनिवार दोपहर रिजर्व के बेतला रेंज के अंतर्गत तेलही पहाड़ी में मिला। लातेहार जिले में एक महीने में जंगली हाथी की मौत की यह तीसरी घटना है और सभी मामलों में हाथियों के बीच संघर्ष होने का संदेह है। बेतला के रेंजर उमेश दुबे ने कहा, बृहस्पतिवार को रेंज में तीन खोरिया के पास एक अन्य हाथी के साथ संघर्ष के दौरान हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। पशु चिकित्सक हाथी का इलाज कर रहे थे। लेकिन, वह उस जगह से चला गया जहां उसका इलाज किया जा रहा था और शनिवार को तलाश के दौरान तेलही पहाड़ी के पास उसका शव मिला। उन्होंने कहा कि हाथी के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया गया है। 16 फरवरी को पीटीआर के



दक्षिण डिवीजन के गारू पश्चिमी रेंज में एक नर हाथी का शव मिला था। इससे पहले सात फरवरी को वन अधिकारियों को लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के दुधमतिया जंगल में एक नर हाथी का खून से लथपथ शव मिला था। बताया गया कि दोनों हाथी अन्य हाथियों के साथ संघर्ष में मारे गए थे।

## ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ जवान ने की आत्महत्या की कोशिश

मेट्रो रेज

**धनबाद :** जिले के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल की विश्वकर्मा प्रोजेक्ट जे पैच कैंप में तैनात सीआईएसएफ जवान ने आत्महत्या की कोशिश की। जिसके बाद प्रोजेक्ट में ड्यूटी पर तैनात अन्य सीआईएसएफ जवान व कर्मी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में घायल सीआईएसएफ जवान को जोड़ाफाटक स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने अशर्फी अस्पताल रेफर कर दिया है, लेकिन यहां के डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया है। धनसार सीआईएसएफ इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि जवान एसके राव की विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के जे पैच में शनिवार को रात्रि नौ बजे से सुबह पांच बजे तक ड्यूटी थी। करीब नौ बजे वह अपनी ड्यूटी के लिए कैंप से निकला ही था कि इस दौरान उसने आत्महत्या करने की

● तेलंगाना का है रहने वाला

कोशिश की। उन्हें इसकी सूचना मिली, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे।

इंस्पेक्टर एसके सिंह का कहना है कि जवान एसके राव कुछ दिनों से परेशान चल रहा है। शायद पारिवारिक कारणों के कारण वह गुमशुम चल रहा है। फिलहाल उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। एसके राव तेलंगाना का रहने वाला है। देर रात उसे अशर्फी अस्पताल से दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, इस पूरे मामले की जानकारी को लेकर धनबाद सीआईएसएफ ब्रांच की ओर से कहा गया कि जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। सीआईएसएफ जवान ने गोली खुद मारी है या फिर कोई और वजह है। फिलहाल सीआईएसएफ की टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### हरियाणा में कांग्रेस नेत्री की हत्या से मची सनसनी

## सूटकेस में मिला शव गले में बंधी थी चुन्नी

एजेंसी

**रोहतक :** एक मार्च की सुबह रोहतक के सांपला कस्बे के बस स्टैंड के पास एक नीले रंग के लावारिस सूटकेस ने माहौल में हलचल मचा दी। सूटकेस को देखकर राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सूटकेस खोला। वहां मिली एक युवती की लाश, जिसके गले में चुन्नी बंधी थी और हाथों पर मेहंदी के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। प्रारंभिक जांच से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या बेरहमी से की गई और शव को सूटकेस में बंद कर फेंक दिया गया है। हाल ही में जांच में खुलासा हुआ कि यह लाश कांग्रेस नेत्री हिमानी नरवाल की है। सोशल मीडिया पर हिमानी की



राहुल गांधी, दीपेंद्र हुड्डा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई प्रमुख नेताओं के साथ तस्वीरें वायरल हुई हैं। सांपला थाना पुलिस और एफएसएल टीम द्वारा जांच के शुरूआती दौर में यह संकेत मिला कि हिमानी का गला घोंटकर हत्या की गई। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने कहा है कि फिलहाल किसी राजनीतिक एंगल की पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन मामले की जाँच में सभी संभावनाओं पर गौर किया जा रहा है।

जांच में नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं, क्योंकि सूटकेस के पास सीसीटीवी कैमरे की कमी के कारण सुराग जुटाने में कठिनाई हो रही है। पुलिस ने मामले की गहराई से जांच के लिए हिमानी के घर और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की छानबीन तथा उनके सोशल मीडिया अकाउंट की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पांच अलग-अलग टीमें गठित कर संदिग्ध संपर्कों और हालिया गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता हिमानी नरवाल पार्टी के कई बड़े कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति से परिचित थीं। विधायक बीबी बत्रा ने उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अंतिम संपर्क की जानकारी से हत्या के पीछे के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की पूरी जांच के पश्चात संदिग्धों को जल्द ही पकड़ा जाएगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## देश छोड़कर भाग रहा था 3558 करोड़ के घोटाले का मास्टरमाइंड, ईडी ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) से 3,558 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के मास्टरमाइंड सुखविंदर सिंह खरूर और डिंपल खरूर को धर दबोचा है। दोनों आरोपी देश छोड़कर भागने की फिराक में थे, लेकिन लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी होने के कारण हवाई अड्डे पर ही उन्हें रोक लिया गया। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, यह गिरफ्तारी व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई है। गिरफ्तारी के बाद, जालंधर की एक अदालत ने दोनों आरोपियों को आगे की पूछताछ के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

**क्लाउड पार्टिकल घोटाला क्या है?**

यह घोटाला क्लाउड पार्टिकल स्कैम के नाम से कुख्यात है, जिसमें निवेशकों को सेल एंड लीज-बैक (एसएलबी) मॉडल का झूठा वादा करके फंसाया गया। ईडी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी के आधार पर एजेंसी ने अपनी जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में यह सामने आया कि व्यूनाउ ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और संस्थापक सुखविंदर सिंह खरूर ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस बड़े घोटाले को अंजाम दिया।


**निवेशकों से लूटे गए 3,558 करोड़ रुपये:** ईडी के अनुसार, आरोपियों ने क्लाउड पार्टिकल टेक्नोलॉजी के नाम पर निवेशकों से मोटी रकम इकट्ठा की, जबकि वास्तव में इस नाम का कोई वास्तविक व्यापार था ही नहीं, या निवेशकों को भ्रमित करने के लिए इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। ईडी ने आगे बताया, इस फर्जी निवेश योजना के जरिए लगभग 3,558 करोड़ रुपये की भारी राशि निवेशकों से ठगी की गई और इसे गैर-व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया। इस गिरफ्तारी से क्लाउड पार्टिकल घोटाले की जांच में तेजी आने की उम्मीद है और निवेशकों को उनके लूटे हुए पैसे की वापसी की उम्मीद जगी है।

## नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म जांच में जुटी पुलिस

**रांची:** राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया है। दुष्कर्म का आरोपी नाबालिग के पड़ोस में रहने वाला युवक है। राजधानी रांची में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया है। घटना शनिवार रात की है। दुष्कर्म का आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित नाबालिग और आरोपी का परिवार एक दूसरे का पड़ोसी है। शनिवार रात आरोपी नाबालिग को घर में अकेला पाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और फिर दुष्कर्म किया। नाबालिग ने जब रात में पड़ोसी द्वारा किए गए गंदे काम के बारे में अपनी मां को बताया तो वे हैरान रह गए। मोहल्ले में खबर फैली तो लोग आरोपी को पकड़ने के लिए घरों से निकल पड़े। इस दौरान आरोपी को पकड़ भी लिया गया और ग्रामीणों ने उसकी पिटाई भी की। लेकिन इस बीच मौका देखकर आरोपी फरार हो गया।

## 12 साइबर अपराधी गिरफ्तार, पीएम किसान निधि के नाम पर करते थे ठगी

**देवघर :** देवघर पुलिस साइबर अपराध के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। साइबर थाने की पुलिस ने जिले से फिर 12 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी रवां थाना क्षेत्र के दुली रायडीह गांव के समीप जंगल में छापेमारी कर की गई। पकड़े गए आरोपियों में एक किशोर भी शामिल है। उनके पास से 12 मोबाइल, 11 सिम कार्ड व प्रतिबिंब एप में दर्ज नंबर का एक सिम कार्ड जब्त किया है। 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में आग लगने से भारी नुकसान



**मुरी :** मुरी ओपी अन्तर्गत सिंगपुर के टोला कांटा डीह में नामी देवी के घर में आज सुबह करीब तीन बजे आग लग गयी। धुंए से लोग जाग गए और सभी सदस्य बाहर निकले। पानी लाते उससे पहले घर में आग तेज पकड़ ली और रखा सामान जल गया। सूरज सिंह मुंडा ने बताया कि घर में रखे पलंग,बक्से में बीस हजार रुपए, गहना,कपडा,धान चांवल आग के लपेटे में आ गया। दमकल आयी और बाकी आग पर काबू पाया।घर के और सदस्य मनोरंजन सिंह मुंडा और बच्चे सभी सुरक्षित बच गए।

### संतोष साहू राजद के जिला उपाध्यक्ष व द्वारिका महतो प्रखंड अध्यक्ष बने




**मुरी:** रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेन्द्र महतो ने सिल्ली निवासी संतोष कुमार साहू को जिला उपाध्यक्ष एवं द्वारिका महतो को सिल्ली प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है । इनके मनोनयन पर जिला के तमाम पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया । राजद के प्रदेश कार्यालय में मनोनयन का काम सम्पन्न हुआ। राजद कार्यालय में प्रधान महासचिव राम भजन सिंह, कमलेश कुमार,चंचल कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिलाओं को डायन बताकर किया गया प्रताड़ित, 16 पर प्राथमिकी दर्ज




**धनबाद:** जिले के टुंडी थाना क्षेत्र में कुछ महिलाओं को डायन बताकर उनके साथ दुर्व्यवहार किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि एक ही परिवार की महिलाओं को डायन बताकर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप है।
पीड़ित महिलाओं ने 16 लोगों के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराई है। महिलाओं का कहना है कि आरोपियों ने उनके घर में घुसकर उन्हें डायन बताया और उनके साथ मारपीट की। इस अत्याचार के बाद पीड़ित महिलाएं अपने परिवार के साथ घर छोड़कर चली गई हैं। पीड़ित महिलाएं लौटकर वापस नहीं आ रही हैं क्योंकि उनको डर है कि उन्हें फिर से प्रताड़िता किया जाएगा।
महिलाओं ने कहा कि उन्हें अपने जान का खतरा है। वे जिला प्रशासन और सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही हैं। साथ ही उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। टुंडी थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि महिलाओं की शिकायत पर 16 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है।

### अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर,दो किशोर की मौत,आधा दर्जन घायल

**लोहरदगा :** जिले में हुए एक सड़क हादसे 2 किशोर की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।
अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर
मामला जिले के सरेंगदाग थाना क्षेत्र के हेसाग का है। बताया जा रहा है कि ईंट लदा ट्रैक्टर पहाड़ डांडू जा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर के ऊपर तुरियाड़ीह पहुंचने पर दर्जनों लोग ट्रैक्टर में सवार हो गए। इसके बाद ट्रैक्टर हेसाग बतरू पुल के समीप पहुंचते ही अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में किशोर की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं।
आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। मृतकों में ऊपर तुरियाडीह निवासी 12 वर्षीय मनीष उरांव और 10 वर्षीय छोटू लोहरा शामिल हैं।

### जागेश्वर विहार के जंगल में छापेमारी, टीम ने अवैध कोयला खनन का मुहाना किया बंद



**बोकारो:** डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिला खनन विभाग व पुलिस की टीम ने शनिवार को जिला के जागेश्वर विहार थाना क्षेत्र के दनिया वन क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान जंगल में अवैध कोयला खनन के मुहाने पाए गए। टीम ने जेसीबी के माध्यम से अवैध मुहानों को ने बंद कराया। साथ ही अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ जागेश्वर विहार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। छापेमारी अभियान में खान निरीक्षक जीतेंद्र कुमार महतो, सीताराम टुडू, वनरक्षी अजीत कुमार मुर्मू, तेनुघाट वन प्रक्षेत्र के वनरक्षी विकास कुमार महतो, एएसओई विशाल कुमार समेत स्थानीय पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

# विधानसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा में विधानसभा के सभी सदस्यों के लिए प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य रूप से शिरकत की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, उपसभापति राज्यसभा हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव निर्वाचित विधायकों को संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी देना और उन्हें उनके कर्तव्यों और दायित्वों से अवगत कराना था। साथ ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों को सदन में उनके प्रभावी योगदान के लिए प्रशिक्षित किया गया।

सीएम ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने पर दिया जोरः कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है, जहां बिना किसी भेदभाव के सभी जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस सदन में जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाने की जिम्मेदारी सभी विधायकों की




होती है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह सदन किसी एक धर्म, जाति या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी नागरिकों के अधिकारों और उनकी समस्याओं को उठाने का सर्वोच्च मंच है। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। इस सदन में आने वाले सभी सदस्य अपने अनुभव से सीखते हैं और जनता की आकांक्षाओं को सदन में रखते हैं। हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। हम सबको मिलकर इस राज्य को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए कार्य करना होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम क्यों महत्वपूर्ण है? झारखंड विधानसभा द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य नए विधायकों को संसदीय कार्यशैली से अवगत कराना और उन्हें विधायी प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करना है। विधानसभा की कार्यवाही में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की अहम भूमिका होती है, ऐसे में विधायकों को यह समझना आवश्यक होता है कि वे किस प्रकार सदन की कार्यवाही में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विधायकों को बताया कि सवाल कैसे पूछें, बिलों पर चर्चा कैसे करें और सदन में अनुशासन बनाए रखते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से कैसे उठाया जाए।

इन गणमान्य लोगों की रही उपस्थितिः इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम और पीआरएस चक्षु राय सहित कई वरिष्ठ नेता और विशेषज्ञ मौजूद रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम विधायकों को अधिक प्रभावी, जिम्मेदार और जागरूक जनप्रतिनिधि बनाने में मददगार साबित होते हैं। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड की लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे।

# सदर अस्पताल में कराए गए कार्यों और खरीदी गई सामग्रियों की हो विभागीय जांच : सईद नसीम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सदर अस्पताल कोडरमा में लाखों रुपए के सिविल वर्क में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुवे कहा कि अस्पताल परिसर में पार्किंग के लिए पेवर ब्लॉक लगाने, भवन के जीर्णोद्धार और रंग-रोगन का काम बिना किसी तकनीकी एजेंसी के कराया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने न तो निविदा प्रक्रिया अपनाई और न ही प्राक्कलन तैयार किया। बिना अभियंता की निगरानी में लाखों रुपए के इन कार्यों को कराने से गड़बड़ी की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार, ऐसे कार्य किसी तकनीकी एजेंसी से कराए जाने चाहिए थे अभियंताओं द्वारा पहले डीपीआर और फिर प्राक्कलन तैयार किया जाता है, जिससे खर्च और गुणवत्ता की जानकारी मिलती है। नियमों के तहत निविदा प्रक्रिया जरूरी होती है, जिससे प्रतिस्पर्धा के जरिए कम दर पर काम आवंटित किया जा सके। इससे विभाग को बचत भी होती है और कार्य की गुणवत्ता बनी रहती है। मगर सदर अस्पताल प्रबंधन ने इन सभी नियमों को दरकिनार करते हुवे मनमर्जी करने में लगी है ऐसे में प्रश्न उठना लाजमी है कि बिना तकनीकी पर्यवेक्षण और प्राक्कलन के इन कार्यों का भुगतान किस आधार पर किया जाएगा? कार्य की गुणवत्ता की जांच कैसे होगी? क्या सिर्फ ठेकेदार के कथन के आधार पर भुगतान कर दिया जाएगा? यह सरकारी राशि की लूट नहीं तो और क्या कहा जायेगा ? सईद नसीम ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में सदर अस्पताल के अंदर और बाहर सिविल वर्क, डेकोरेशन और उपकरणों की खरीद में भी भारी गड़बड़ी हुई है। चुनिंदा सप्लायरों को मनमाने तरीके से भुगतान किया गया। वर्तमान प्रभारी उपाधीक्षक पहले भी विवादों में रहे हैं। चंदवारा में उनके कार्यकाल के दौरान बिना नियमों के आठ लाख रुपए की चारदीवारी बनवाई गई थी। अब वही ठेकेदार सदर अस्पताल में भी लाखों रुपए के काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, प्रभारी उपाधीक्षक पर कोडरमा प्रखंड में रहते हुए मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना में घोटाले के आरोप भी लग चुके हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मेहरबानी से वे हमेशा नियमों को ताक पर रखकर काम करते रहे हैं। पैरवी के बल पर मनचाही पोस्टिंग भी हासिल करते रहे हैं। पहले भी अनियमितताओं के कारण उन्हें अस्पताल उपाधीक्षक के पद से हटाया गया था, लेकिन हाल ही में वित्तीय अधिकार मिलने के बाद उन्होंने फिर से यह पद हासिल कर लिया। उन्होंने उपायुक्त कोडरमा से मांग किया कि सदर अस्पताल में कराए गए कार्यों और खरीदी गई सामग्रियों की विभागीय जांच जरूरी है। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि सरकारी अस्पतालों के लिए आवंटित राशि का सही उपयोग हो सके और गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। वहीं सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा आरोप झूठा है। कार्य होने पर अड़चनें तो आती है। जांच होने से स्पष्ट हो जाएगा कि आरोप सही है या गलत।

## संकट मोचन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा




### कलश यात्रा के दौरान लगे जय श्री राम के नारे

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा:** प्रखण्ड के इंदरवा पंचायत अंतर्गत सलईडीह में शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं संकट मोचन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 11 दिवसीय महायज्ञ 1 मार्च से 11 मार्च तक होगा। 1 मार्च को महायज्ञ का कलश यात्रा 4000 महिला श्रद्धालु गण के साथ प्रारंभ हो गई। यात्रा यह सलईडीह से चौक इंदरवा होते हुए नावाडीह नदी पहुंची एवं वहां पूजन के साथ जला उठा कर पुनः यज्ञ स्थल सलईडीह आया। 1 मार्च को जलयात्रा, पंचांग पूजन, मण्डप प्रवेश एवं संध्या आरती, 2 मार्च बेदीपूजन, देवपूजन, जलाधिवास, सध्या आरती, रात्रि प्रवचन एवं रामलीला, 9 मार्च को वेदीपूजन, देवपूजन, हवन, नगर भ्रमण संध्या आरती, रात्रि प्रवचन एवं रामलीला, 10 मार्च को वेदीपूजन, देवपूजन, शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं संकट मोचन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा, हवन, रात्रि अखण्ड हरि कीर्तन प्रारंभ, संध्या आरती, 11 मार्च को वेदीपूजन, देवपूजन, हरि कीर्तन के साथ यज्ञ की पूणार्हूति, ब्राह्मण भोजन, कन्या पूजन एवं भण्डारा के साथ यज्ञ का समापन होगा। इसी के तत्वावधान में दिन शनिवार को मंगल कलश यात्रा को विधि विधान एवं पूजा अर्चना कर ध्वजाधारी धाम के महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास जी महाराज एवं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर रवाना किया। यज्ञ स्थल पर मत्था टेक नमन किया। इस दौरान सुखदेव दास महाराज एवं विधायक डॉ नीरा यादव, गोपाल यादव, जिप सदस्य महेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, इंदरवा मुखिया उमा देवी, उप मुखिया रुपेश राणा, पसंद अनिता देवी, विनोद साव, संजय सिंह ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं को शुभकामना दिया और क्षेत्र के सुख समृद्धि शांति आरोग्य की कामना किया। नीरा यादव ने यज्ञ पुजारी संजीव यादव, पिटू राणा, सहादेव यादव, सतीश कुमार यादव, विजय यादव, प्रदीप यादव को शुभकामना दिया एवं श्रद्धालुओं को सन्देश देते हुए कहा धार्मिक अनुष्ठान करने से एवं धार्मिक कथा का श्रवण करने से सद्बुद्धि एवं सद्भावना का प्रसार होता है। शिव प्राण प्रतिष्ठा समिति के अध्यक्ष, सचिव, संयोजक एवं सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नमाज पढ़कर घर लौट रहे मौलाना पर फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

**पलामूः** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां अपराधियों ने एक मौलाना पर जानलेवा हमला किया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के झरियावा का है। बताया जा रहा है कि मौलाना लाल मोहम्मद पिछले शुक्रवार को कुदागा छोटी मस्जिद में नमाज अदा करने गए थे नमाज खत्म होने के बाद बाइक से घर लौटते वक्त बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने उन पर पिस्तौल तान दी और गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। इसके बाद अपराधी फरार हो गए। वहीं मौलाना ने थाने में अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## जमशेदपुर में बना पूर्वी भारत का पहला 'पालतू शवदाह गृह'



**जमशेदपुर:** जिले में शनिवार को पालतू पशुओं के लिए गैस आधारित शवदाह गृह स्थापित किया गया। इसे पूर्वी भारत का पहला ऐसा शवदाह गृह बताया जा रहा है जिसे पालतू जानवरों के लिए स्थापित किया गया है। टाटा स्टील द्वारा वित्तपोषित यह परियोजना जुबली पार्क में कुत्तों के लिए बने घर के पास स्थापित की गई है। टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सेवाएं) चाणक्य चौधरी ने बताया कि इसका उद्देश्य पालतू जानवरों के मालिकों को उनके अवशेषों के निपटान के लिए एक सम्मानजनक, सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इसका शुल्क 3,000 रुपए है और 50 किलोग्राम से कम वजन वाले पालतू जानवरों का यहां अंतिम संस्कार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शवदाह गृह में पीएनजी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सबसे सस्ते ईंधन में से एक है। जमशेदपुर केनेल क्लब' की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने बताया कि यह सुविधा पूर्वी भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा है। उन्होंने बताया कि इस तरह के शवदाह गृह की स्थापना का उद्देश्य पालतू जानवरों को सम्मान के साथ अंतिम विदाई देना है।

## सुदेश महतो ने सरकार पर साधा निशाना, कहा

# सरकार में जवाबदेही और संवेदना का अभाव स्पष्ट दिख रहा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सरकार में जनता के प्रति जवाबदेही और संवेदना का अभाव स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाए जा रहे विषयों के प्रति सरकार के मंत्रियों का रवैया टालमटोल का दिखता है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सरकार के बजट की प्रतिक्षा कर रही है ताकि यह पता चल सके कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार अपने वादों को लेकर गंभीर है या नहीं?

आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता, पहचान और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैः आजसू पार्टी ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की तथा संगठन विस्तार की रणनीति बनाई। बैठक को डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, दीपक महतो, इस्लाम अंसारी, संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता, पहचान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हमें हर जिले, प्रखंड और गांव तक



कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी और इस संगठन विस्तार के अभियान को कालबद्ध एवं योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। महतो ने ग्राम स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा की, जिसके तहत प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए महिला प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। यह निर्णय लिया गया कि संगठन में महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में अधिक अवसर दिए जाएंगे, ताकि वे पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचा सके और स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें। इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। डिजिटल प्रचार और जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया टीम का गठन किया जाएगा, जो पार्टी की विचारधारा और नीतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का कार्य करेगी। बैठक में रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, रामलखन प्रसाद, आशुतोष तिवारी, ओम भारती, दिलीप साहू, राजकिशोर कुशवाहा, विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव, मुनिया उरांव, अभिषेक राज हेरेंज, हाकिम अंसारी, रमेश भगत, दीपक महतो, गोपीनाथ सिंह, डॉ पार्थ परितोष, प्रत्यूष प्रशांत, आशुतोष तिवारी व अन्य उपस्थित थे।

# बिना नेता प्रतिपक्ष के कल सदन में पेश होगा बजट, चेहरे को लेकर असमंजस में भाजपा

संवाददाता



**रांचीः** विधानसभा चुनाव संपन्न हुए तीन महीने से अधिक हो गए हैं, लेकिन अब भी राज्य की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष के नाम पर सस्पेंस जारी रखा है। बता दें कि झारखंड विधानसभा में बजट सत्र प्रारंभ हो चुका है। कल (3 मार्च 2025) को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा बजट पेश किया जाएगा, लेकिन विडंबना की बात ये है कि इस बार बिना नेता प्रतिपक्ष के बजट पेश किया जाएगा। कई बैठकें होने के बावजूद भी नेता प्रतिपक्ष को चुना ही नहीं गया है। हालांकि सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि अप्रैल तक नया प्रदेश अध्यक्ष मिलेगा, इसके बाद नेता प्रतिपक्ष चुना जाएगा।

**विधानसभा अध्यक्ष जता चुके हैं नाराजगीः** बजट सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष का न होना राज्य की राजनीति में बयानबाजी का कारण भी बन गया है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि विधानसभा को सुचारु रूप से चलाने में नेता प्रतिपक्ष का भी अहम योगदान रहता है। संवैधानिक नियम के अनुसार विधानसभा की कार्यवाही में नेता प्रतिपक्ष का होना अनिवार्य है।

**केंद्रीय कमेटी द्वारा निर्णय लेने में हो रही देरीः** भाजपा की केंद्रीय कमेटी भी प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष को चुनने में देरी कर रही है। विधानसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद झारखंड में कई केंद्रीय नेता आ चुके हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का चयन अब तक नहीं हो पाया है।

**कई नेताओं के नाम की चर्चाः**प्रदेश भाजपा द्वारा नेता प्रतिपक्ष चुना नहीं गया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में कुछ वरिष्ठ नेताओं के नाम की चर्चा चल रही है। सर्वप्रथम भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व में मंत्री और विधानसभा स्पीकर साथ ही वर्तमान रांची विधायक सीपी सिंह का नाम जोरों से चर्चा में है। कहा जा रहा है कि उनके अनुभव और पार्टी के प्रति कर्मठता को देखते हुए उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष के लिए दूसरा नाम नीरा यादव है, जिनको लेकर कहा जा रहा है कि पार्टी अगर किसी महिला को नेता प्रतिपक्ष बनायेगी तो वह नीरा यादव होंगी।

नीरा यादव कोडरमा विधानसभा से विधायक हैं। वहीं,ओबीसी समाज से आने वाले नवीन जायसवाल भाजपा के वरिष्ठ विधायकों में से एक माने जाते हैं। हटिया विधानसभा से जीत हासिल करने वाले नवीन जायसवाल ओबीसी समाज का वोट भाजपा को दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए माना जा रहा भाजपा इनके नाम पर भी मोहर लगा सकती है।

## आजसू के मिलन समारोह में लोगों ने थामा पार्टी का दामन

मेंट्रो रेज



**रांचीः** झारखंड की राजनीति में आजसू पार्टी ने एक बार फिर युवाओं को अपने साथ जोड़ने की पहल की है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए झारखंड के राजनीतिक भविष्य को लेकर अपनी बात रखते हुए कहाकि खेती का स्वरूप बदल रहा है और युवा अब पेंट शर्ट पहन कर भी अच्छी खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी हमेशा युवाओं को मंच देती आई है।आगे भी इसका विस्तार जारी रहेगा। सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीएजी रिपोर्ट सरकार के कामकाज का आइना है। ये कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं,बल्कि राज्य की सच्चाई का दस्तावेज है। इतना ही नहीं,उन्होंने राजनीतिक पदों की घटती गरिमा पर भी बड़ी बात कही। विधायक कोई साधारण पद नहीं होता है।

वहीं दूसरे दल से आए नेता और कार्यकर्ताओं ने कहा कि आजसू पार्टी की विचारधारा से हम सभी प्रभावित हुए हैं। आजसू एक ऐसी पार्टी है जो युवाओं को मौका देते आई है। आजसू पार्टी संघर्ष से आगे बढ़ी है। इसलिए हमें उम्मीद है कि पार्टी से हमें सम्मान मिलेगा ताकि इस पार्टी को और मुकाम तक पहुंचाने का हम सभी प्रयास करेंगे।

# अभी से सताने लगी गर्मी, सभी जिलों का तापमान 30 डिग्री पार, रांची का पारा पहुंचा 33.3 डिग्री

संवाददाता



**रांचीः** रांची-झारखंड के सभी जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार आज रविवार से आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। स्थिति यह हो गयी है कि झारखंड के सभी जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर हो गया है। राज्य में शनिवार को सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा का रिकॉर्ड किया गया। यहां का अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

**सुबह और शाम में रह रही है हल्की ठंडः** सुबह-शाम हल्की ठंड के बीच दिन में अचानक तापमान में वृद्धि से लोग परेशान होने लगे हैं। शनिवार को राजधानी रांची का तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जो सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जबकि पिछले 24 घंटे में 2.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस तथा पिछले 24 घंटे में 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

**गढ़वा, लातेहार और लोहरदगा में हुई बूंदाबांदीः** गर्म हो रहे मौसम के बीच झारखंड के गढ़वा, लातेहार और लोहरदगा में शनिवार को हल्की बूंदाबांदी हुई। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में आकाश में दोपहर बाद कुछ देर के लिए बादल छाये रहे, जबकि सूर्य की तेज किरण से लोग असहज महसूस करने लगे थे। खूंटी में न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

## झारखंड में चिकित्सकों के 61 फीसदी पद खाली

**रांची :** झारखंड में चिकित्सकों, नर्स और पैरामेडिक्स कर्मियों की भारी कमी है। जिला अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, नर्स और पैरामेडिक्स के ज्यादातर पद रिक्त हैं। राज्य में चिकित्सकों के कुल 3,634 स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल 2,210 पद खाली हैं। जो कुल स्वीकृत पदों का 61 प्रतिशत है। इसी तरह स्टाफ नर्सों के स्वीकृत 5,872 पदों की तुलना में 52 प्रतिशत यानी 3,033 पद रिक्त पड़े हुए हैं। यही हाल पैरामेडिक्स का भी है।

# एकता कमेटी के संस्थापक और सचिव ने केशव महतो से की मुलाकात

मेट्रो रेज



रांचीः कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने मुलाकात की तथा बुके देकर व माला पहना कर उन्हें सम्मानित किया । इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा और रामेश्वर राम ने कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से कहा कि आप से मुलाकात करके स्वर्गीय ज्ञान रंजन की याद आ गयी। स्वर्गीय ज्ञान रंजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे । हम लोग अपने बड़े भाई के जैसा मानते थे । इसी तरह केशव महतो कमलेश को भी हम लोग अपना बड़ा भाई मानते हैं इसलिए काफी दिनों से सोच रहे थे की मुलाकात करेंगे आज मौका मिला तो शिष्टाचार मुलाकात किया गया। केशव महतो कमलेश ने भी भारतीय एकता कमेटी के सामाजिक कार्यों की सराहना की और हम सभी को प्यार और शुभकामनाएं दी। भारतीय एकता कमेटी के सभी पदाधिकारी गण और सदस्य गण मिलजुल कर कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# रांची-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन 12 को

## यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे की पहल



संवाददाता

**रांचीः** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ कम करने के लिए रेलवे रांची-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन चलायेगा। ट्रेन संख्या 02883 रांची-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन 12 मार्च को रांची से चलेगी। ट्रेन का रांची प्रस्थान रात 11:55 बजे, मुरी प्रस्थान रात 1:25 बजे, बोकारो स्टील सिटी प्रस्थान सुबह 2:55 बजे, गोमो प्रस्थान सुबह 4:25 बजे, कोडरमा प्रस्थान सुबह 5:35 बजे, गया प्रस्थान सुबह 7:05 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रस्थान सुबह 10:25 बजे, बनारस प्रस्थान सुबह 11:58 बजे एवं गोरखपुर शाम 7:50 बजे पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 02884 गोरखपुर-रांची होली स्पेशल ट्रेन 14 मार्च को गोरखपुर से चलेगी। ट्रेन गोरखपुर से प्रस्थान सुबह 11:00 बजे, बनारस प्रस्थान शाम 6:25 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रस्थान शाम 7:33 बजे, गया प्रस्थान रात 10:10 बजे, कोडरमा प्रस्थान रात 11:25 बजे, गोमो प्रस्थान रात 1:10 बजे, बोकारो स्टील सिटी प्रस्थान सुबह 2:30 बजे, मुरी प्रस्थान सुबह 3:55 बजे एवं रांची आगमन सुबह 5:30 बजे होगा। इस ट्रेन में जनरेटर यान का 01 कोच, एसएलआरडी का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 06 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 07 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 02 कोच एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी तथा वातानुकूलित 2-टियर संयुक्त के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगे रहेंगे।

## दीक्षांत समारोह के लिए कल से बंटेगा अंगवस्त्र

**रांचीः** रांची विवि द्वारा सात मार्च 2025 को आयोजित 38वें दीक्षांत समारोह में कुल 4410 विद्यार्थी शामिल होंगे। आवेदन करनेवाले 4410 विद्यार्थियों को विवि की तरफ से तीन से पांच मार्च 2025 तक अंगवस्त्र व गेट पास दिया जायेगा। इसके लिए मोरहाबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी तथा बगल में ही स्थित पीजी कॉमर्स विभाग में अलग-अलग 10 काउंटर बनाये गये हैं। जबकि 28 फरवरी 2025 को आवेदन करनेवाले विद्यार्थियों को शहीद चौक स्थित विवि मुख्यालय (हेडक्वार्टर) के परीक्षा विभाग से चार और पांच मार्च को दिन के 11 बजे से शाम चार बजे तक अंग वस्त्र व गेट पास दिया जायेगा। काउंटर संख्या एक से पांच पीजी कॉमर्स विभाग तथा काउंटर संख्या छह से 10 सेंट्रल लाइब्रेरी मोरहाबादी में बनाये गये हैं।

### उपनिदेशकों की होगी प्रतिनियुक्ति

**रांचीः** उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत उच्च शिक्षा निदेशालय में तीन उपनिदेशक की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इस पद पर वर्तमान में कार्यरत शिक्षक का कार्यकाल पूरा हो जाने के कारण विभाग द्वारा नयी प्रतिनियुक्ति की जा रही है। यह प्रतिनियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिए की जायेगी। इसमें विवि व कॉलेज के शिक्षक पात्र होंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय ने इच्छुक व योग्य शिक्षकों से 25 मार्च 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया है। विभाग के अवर सचिव के अनुसार उपनिदेशक के तीन पद में दो अनारक्षित तथा एक अनुसूचित जनजाति के होंगे। प्रतिनियुक्ति शिक्षकों के पद की श्रेणी राजपत्रित वर्ग वन कहलायेगी। प्रतिनियुक्त शिक्षकों के वेतन आदि का भुगतान संबंधित विवि से किया जायेगा। उक्त पद के लिए आवश्यक योग्यता राज्य के सरकारी विवि/कॉलेज का शिक्षक होना है। चयन विभागीय समिति द्वारा किया जायेगा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला
(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना)
गव्य विकास निदेशालय झारखण्ड, रॉची द्वारा राज्य स्तर पर दुग्ध उत्पादकों को गोपाल रत्न (प्रथम), गोपाल भूषण (द्वितीय) एवं गोपाल श्री (तृतीय) के रूप में क्रमशः 51000/– रू0 (एकावन हजार), 25000/– (पच्चीस हजार) एवं 11000/–रू0 (ग्यारह हजार) नगद राशि एवं प्रमाण पत्र पुरस्कार वितरण का प्रावधान है । जिला गव्य विकास पदाधिकारी/जे0एम0एफ0 के प्रतिनिधि द्वारा संबंधित दुग्ध उत्पादकों के घर पर उपलब्ध वर्तमान वस्तु स्थिति/संसाधनों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इच्छुक दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों आवेदन प्रपत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला से कार्य अवधि पर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। विहित प्रपत्र के अनुरूप आवश्यक सूचनाएँ स्वयं का हस्ताक्षर के साथ दिनांक 05.03.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला गव्य विकास कार्यालय, चंदाली, गुमला में निश्चित रूप से जमा कर सकते है।
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
PR 347541 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D गुमला

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला
(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना)
गव्य विकास निदेशालय झारखण्ड, रॉची द्वारा राज्य स्तर पर दुग्ध उत्पादकों को गोपाल रत्न (प्रथम), गोपाल भूषण (द्वितीय) एवं गोपाल श्री (तृतीय) के रूप में क्रमशः 51000/– रू0 (एकावन हजार), 25000/– (पच्चीस हजार) एवं 11000/–रू0 (ग्यारह हजार) नगद राशि एवं प्रमाण पत्र पुरस्कार वितरण का प्रावधान है । जिला गव्य विकास पदाधिकारी/जे0एम0एफ0 के प्रतिनिधि द्वारा संबंधित दुग्ध उत्पादकों के घर पर उपलब्ध वर्तमान वस्तु स्थिति/संसाधनों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इच्छुक दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों आवेदन प्रपत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला से कार्य अवधि पर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। विहित प्रपत्र के अनुरूप आवश्यक सूचनाएँ स्वयं का हस्ताक्षर के साथ दिनांक 05.03.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला गव्य विकास कार्यालय, चंदाली, गुमला में निश्चित रूप से जमा कर सकते है।
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
PR 347541 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D गुमला

# डायबिटीज मरीजों के रेटिना की हर साल स्क्रीनिंग जरूरी

## रिम्स में डायबिटिक रेटिनोपैथी पर कार्यशाला में विट्रियोरेटिना सर्जन डॉ पद्मजा कुमारी रानी ने दी जानकारी

संवाददाता



**रांचीः** हैदराबाद के एलवी प्रसाद आइ इंस्टीट्यूट की विट्रियोरेटिना सर्जन डॉ पद्मजा कुमारी रानी ने बताया कि डायबिटीज मरीजों में रेटिना की समस्या पहले से बढ़ी है। यह अनियंत्रित डायबिटीज के कारण हो रहा है। ऐसे में डायबिटीज मरीजों के रेटिना की स्क्रीनिंग हर साल होनी चाहिए। अगर समय रहते स्क्रीनिंग करा ली जाये, तो आंखों के अंधेपन को बचाया जा सकता है। वह शनिवार को डायबिटिक रेटिनोपैथी पर रिम्स में आयोजित कार्यशाला में बोल रही थीं। यह कार्यशाला रिम्स के नेत्र विभाग, विट्रियोरेटिना सोसाइटी ऑफ इंडिया और झारखंड ओफ्थाल्मोलॉजिकल सोसाइटी और फोरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित थी। कार्यक्रम में रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा कि रिम्स का नेत्र विभाग बेहतर कार्य कर रहा है। जल्द ही क्षेत्रीय नेत्र संस्थान को शुरू किया जायेगा। विभागाध्यक्ष डॉ सुनील ने कहा कि इंट्राविट्रियल इंजेक्शन डायबिटिक रेटिनोपैथी के इलाज में काफी कारगर है। रिम्स के पीजी स्टूडेंट को इंजेक्शन देने के लिए डॉ पद्मजा ने प्रशिक्षित किया। झारखंड ओफ्थाल्मोलॉजिकल फोरम की सेक्रेट्री डॉ भारती कश्यप ने बताया कि डायबिटिक रेटिनोपैथी के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। समस्या की शुरूआत में इलाज से फायदा मिलता है। इधर, पीजी विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कश्यप मेमोरियल आइ हॉस्पिटल की पीजी स्टूडेंट रूशाली राठौर फंड्स फोटो प्रतियोगिता की विजेता रहीं। मौके पर डॉ बीपी कश्यप सहित रिम्स के नेत्र विभाग के सीनियर और जूनियर डॉक्टर मौजूद थे।

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग
–:: आम सूचना ::–
"जल ही जीवन है" "जल है तो कल है"
सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग कार्यालय सहित प्रमण्डलों में नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाता है। कार्यालयवार सूचना निम्नांकित है–

| क्र0 | नियंत्रण कक्ष/कार्यालय का नाम | नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | मोबाईल नं0 | नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | श्री रवि कुमार, कनीय अभियंता (नोडल पदाधिकारी) | 9110946232 | 06546–262811 |
| | | श्री रामसेवक मेहता, आशुलिपिक | 9110912027 | |
| | | श्री कृष्णा कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक | 6299638350 | |
| | | श्री राजेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | 8709418857 | |
| 2 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग | ई0 अनिल प्रसाद गुप्ता, कार्यपालक अभियंता | 9973461837 | 06546–296105 |
| 3 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता | 9973003856 | 06553–223193 |
| 4 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता | 8002536460 | |
| 5 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता | 8002083156 | 06541–253273 |

आम जनता से अपील है कि अपने आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप मरम्मति/जलापूर्ति संबंधित शिकायत उपर्युक्त अंकित मोबाईल/दूरभाष/शिकायत पंजी एवं विभागीय टोल फ्री दूरभाष संख्या–18003456502 तथा ई–मेल sedwsd.hazaribagh@gmail.com पर भी संपर्क स्थापित कर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे, ताकि आम जनता को नियमित रूप से पेयजलापूर्ति की जा सके।
ह0:–
(उपेन्द्र कुमार मण्डल)
अधीक्षण अभियंता
PR 347536 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



# सभी पोषक तत्वों की कमी पूरी करता है मल्टीग्रेन आटा

**मल्टीग्रेन आटे का अर्थ है मिला जुला आटा या कई तरह के अनाज का मिक्स आटा। इस में गेहूं के साथ ही ज्वार, बाजरा, जौ, काला चना, रागी, जई, मक्का, क्विनोआ, सूजी, चावल, सिंघाड़े, राजगिरा आदि के आटे को मिलाकर आटा तैयार किया जाता है। इस आटे में विटामिन, प्रोटीन, डाइटरी फाइबर, कार्ब्स, आयरन, कैल्शियम, खनिज आदि कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। मल्टीग्रेन आटा ज्यादातर ग्लूटेन फ्री होता है।**

## वजन होता है कम

इसके लिए आपको गेहूं के आटे में जई, मक्का, ज्वार और चना मिलाकर उसकी रोटी बनाकर खाना चाहिए। इसमें फाइबर अधिक होने से यह पाचन के लिए ठीक रहेगा और साथ ही यह वेट लॉस करेगा। यह कई सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ शरीर को संपूर्ण पोषण प्रदान करता है।

## विटामिन की कमी को करता है दूर

इसमें कई तरह के विटामिन होते हैं जिसके चलते शरीर में विटामिन की कभी कमी नहीं होती है।

## पाचन तंत्र को सुधारता

यह फाइबर से भरा होता है जो अच्छे आंत बैक्टीरिया का पोषण करता है, जिसके चलते पाचन तंत्र में सुधार होता है और मेटाबॉलिज्म में भी सुधार करता है।

## शारीरिक दर्द और सूजन को कम करता है बाजरा

बाजरा में सूजन-रोधी गुण होते हैं। मल्टीग्रेन आटा में बाजरे का आटा मिला होने से यह जोड़ों के दर्द और सूजन में लाभदायक है।

## मांसपेशियां होती है मजबूत

इससे मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इस आटे में सोयाबीन, चना और जौ भी मिलाया जाए तो यह प्रोटीन का अच्छा सोर्स बन जाता है। बच्चों के शरीरिक विकास के लिए यह मददगार साबित हो सकता है।

# सर्दियों में इन आदतों की वजह से बढ़ जाती है कब्ज की परेशानी

सर्दियों में अक्सर लोगों को कब्ज की परेशानी हो जाती है। इसका सबसे मुख्य कारण होता है ठंड के मौसम में शरीर के फंक्शन में बदलाव आना। डाइजेस्टिव सिस्टम स्लो हो जाता है, लेकिन हमारी कुछ आदतें भी हैं जो सर्दियों कब्ज को बढ़ा सकती हैं ।

## सर्दियों में इन आदतों की वजह से बढ़ जाती है कब्ज की परेशानी

आपका पाचन तंत्र ठीक से काम करें इसके लिए जरूरी है कि आप ठीक प्रकार से हाइड्रेट रहें। वहीं सर्दियों में गर्मी के मुकाबले लोग पानी कम पीते हैं, क्योंकि प्यास ही कम लगती है। पानी की कमी से मल सूखा और कठोर हो जाता है, जिससे कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। ठंड के मौसम में लोग ज्यादातर घर में ही बिताते हैं।शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती है और इस वजह से आंतों की गतिविधि धीमी हो जाती है जिससे कब्ज हो सकती है।

सर्दी का मौसम सुहावना होता है और इस मौसम में अक्सर लोग तला भुना, भारी खाना खाते हैं जो पाचन क्रिया को और भी धीमा कर देता है। सर्दियों में लोगों के आहार में फाइबर की कमी हो जाती है। लोग सलाद वगैरह कम खाने लगते हैं फाइबर की कमी से भी पाचन धीमा हो जाता है। जिससे कब्ज की समस्या पैदा हो सकती है।ठंड में लोग चाय कॉफी- अधिक सेवन करते हैं और कैफीन अधिक सेवन करने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे मल सूखा और कठोर हो जाता है। वहीं सर्दियों के मौसम में लोगों को तनाव और उदासी बनी रहती है। इससे भी पाचन तंत्र प्रभावित होता है। आंतों की गति धीमी हो जाती है। इसके अलावा ठंडी हवा के कारण शरीर की मांसपेशियां संकुचित हो जाती है जिससे आंतों की गतिविधि में रुकावट आ सकती है।



# सेहत और त्वचा दोनों के लिए लाभकारी है हल्दी पानी

**हल्दी का उपयोग हर किसी के घर में किया जाता है। हल्दी में एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। हल्दी का प्रयोग लगभग सभी प्रकार के खाने में किया जाता है। यह व्यंजनों के स्वाद में तो इजाफा करती ही है साथ ही इसमें अनेक औषधीय गुण भी होते हैं। यह गर्म और रूखी होती है। त्वचा, पेट और शरीर की कई बीमारियों में हल्दी का प्रयोग किया जाता है। हल्दी का सेवन पानी के साथ किया जाए, तो फायदे बढ़ जाते हैं। हल्दी का पानी सेहत और त्वचा दोनों के लिए लाभकारी होता है। जिन लोगों को बार-बार सर्दी-जुकाम और संक्रमण हो जाता है उन्हें अपनी डाइट में हल्दी के पानी को जरूर शामिल करना चाहिए।**

गुणकारी हल्दी के अलग-अलग लाभ उठाने के लिए आपको किसी वैद्य या विशेषज्ञ की शरण में जाने की जरूरत नहीं है। अपने घर पर ही छोटे-छोटे प्रयोग कर इसके अलग-अलग लाभ उठाए जा सकते हैं। आमतौर पर देखा गया है कि लोग उठते ही गर्म पानी या फिर निम्बू पानी का सेवन करते हैं जिससे कि उनका पेट साफ़ हो और खुल कर शरीर की गंदगी बाहर निकल जाए यह शरीर के लिए फायदेमंद है, यदि इसमें थोड़ी सी हल्दी मिक्स कर दी जाए तो इसके गुणों में भारी इजाफा हो जाता है।

## शरीर को शक्तिशाली बनाना

लगभग 500 ग्राम की मात्रा में हल्दी की गांठे और एक किलो बुझा हुआ चूना लेकर इसको एक मिट्टी के बर्तन में डालकर इसमें ऊपर से 2 लीटर पानी डालें। पानी डालते ही चूना पकने लगता है और जब यह ठण्डा हो जाए तो बर्तन को ढककर रख दें। इसके बाद 2 महीने बाद हल्दी की गांठों को निकालकर पीसकर चूर्ण बना लें। हल्दी की गांठों के चूर्ण को 3 ग्राम की मात्रा में लेकर 10 ग्राम शहद के साथ मिलाकर लगातार 4 महीने तक रोजाना खाने से शरीर का खून साफ हो जाता है और इससे शरीर में भरपूर ताकत आती है।

## वजन कम होता है

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो ऐसे में अपनी डाइट में हल्दी का पानी शामिल कर सकते हैं। हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है। फैट बढ़ाने वाले टिशूज को बनने से रोकने के लिए हल्दी का पानी पीना फायदेमंद होता है।

## आंखों के रोग

हल्दी को अरहर की दाल में पकायें और छाया में सुखा लें उसे पानी में घिसकर, शाम होने से पहले ही दिन में दो बार जरूर लगायें इससे झामर रोग, सफेद फूली और आंखों की लालिमा में लाभ होता है।

## नहीं होंगी त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याएं

हल्दी का पानी खून साफ करता है। साथ ही इस पानी को पीने से शरीर में विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इससे एजिंग साइन्स जैसे झुर्रियां या मुरझाई त्वचा की समस्या दूर होगी। त्वचा की सूजन कम करने में हल्दी फायदेमंद मानी जाती है। इसका इस्तेमाल करने से त्वचा में निखार बढ़ता है।

## पेट से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी

हल्दी के पानी का सेवन करेंगे, तो पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे डायरिया, अपच, कब्ज, पेट में दर्द, पेट में ऐंठन आदि समस्याएं दूर होंगी। हल्दी का पानी पीने से शरीर में पित्त ठीक से बनता है और पाचन तंत्र मजबूत बनता है। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण भी होते हैं। हल्दी के पानी का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। हल्दी में मौजूद लिपो पॉलिसैकेराइड की मदद से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले सेल्स बढ़ते हैं। एक गिलास गुनगुने पानी में एक नीम्बू निचोड़कर उसमें एक चुटकी हल्दी मिला लें और इसे सुबह खाली पेट पीएं। ऐसा करने से पेट में गैस बनने की समस्या दूर होती है और एसिडिटी, बदहजमी, फूड पॉइजनिंग, कब्ज आदि बीमारी से भी छुटकारा मिलता है जिससे सुबह पेट पानी की तरह साफ़ होगा।

## हार्ट की बीमारियों से होगा बचाव

हल्दी का पानी शरीर से कोलेस्ट्रॉल का स्तर को नियंत्रण रखने में मदद करता है। हल्दी का पानी पीने से खून के थक्के बनने से रोकने में मदद मिलेगी। इससे आपको हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा नहीं होगा।

## कम होती है सूजन

शरीर में सूजन कितनी भी क्यों न हो हल्दी सूजन को कम करने में सहायक है इसमें करक्यूमिन नामक एक रसायन पाया जाता है जो दवा के रूप में काम करता है इसीलिए आपने देखा होगा किसी को भी चोट लग जाती है तो हमारे बुजुर्ग हल्दी दूध में डालकर पिलाते थे।

## ब्लाकेज से बचाती है हल्दी

जिन लोगो की खून की धमनियों में ब्लाकेज की शिकायत है उनको तो अवश्य ही हल्दी वाला पानी सेवन करना लाभदायक है क्योंकि हल्दी खून को जमने से रोकती है अदरक भी खून को पतला रखती है और ब्लाकेज से बचाती है।

## हड्डी के टूटने पर

हड्डी के टूटने पर रोज हल्दी का सेवन करने से लाभ मिलता है। एक प्याज को पीसकर एक चम्मच हल्दी मिलाकर कपड़े में बांध लें। इसे तिल के तेल में रखकर गर्म करें और इससे फिर सेंक करें। कुछ देर सेंकने के बाद पोटली खोलकर दर्द वाले स्थान पर बांध दें।

## नहीं पनपने देती बैक्टीरिया


यदि किसी कारण से शरीर के बाहरी या अंदरूनी हिस्से में चोट लग जाए-तो हल्दी वाला दूध उसे जल्द से जल्द ठीक करने में बेहद लाभदायक है क्योंकि यह अपने एंटी बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुणों के कारण बैक्टीरिया को पनपने नहीं देता है।


## त्वचा के रोग

हल्दी को पीसकर तिल के तेल में मिलाकर मालिश करें इससे चर्म रोग खत्म हो जाएगा। या अगर शरीर में खुश्की (चमड़ी सूख) गई हो तो सरसों के तेल में हल्दी को मिलाकर शरीर पर उसकी मालिश करने से लाभ होता है।

## मसूढ़ों का रोग

हल्दी को मोटा-मोटा कूटकर आग पर भून लें। इसे बारीक पीसकर कपड़े से छानकर प्रतिदिन सुबह-शाम मसूढ़ों पर मलें। इससे मसूढ़ों के रोग ठीक हो जाते हैं।





## क्या आपका भी मिट्टी खाने का मन करता है

# पाइका के हो सकते हैं लक्षण

अक्सर आपने बच्चों एवं महिलाओं को बत्ती, चौक या मिट्टी खाते हुए देखा होगा। कई लोगों को मिट्टी खाने की बहुत क्रेविंग होती है। साथ ही कई लोग इस आदत से परेशान भी होते हैं क्योंकि मिट्टी या चुना आपकी सेहत के लिए हानिकारक होता है। यह एक तरह की बीमारी होती है जिसे जियोफेजिया के नाम से जाना जाता है। वैसे मामूली स्थिति में मिट्टी खाने की क्रेविंग कैल्शियम की कमी के कारण होती है लेकिन इसके साथ यह एक बीमारी का भी लक्षण है।

## क्या है पाइका

दरअसल मिट्टी खाने का सीधा संबंध पाइका नाम की बीमारी से है। इस बीमारी में इंसान मिट्टी खाने से खुद को रोक नहीं पाता है। ऐसी स्थिति ज्यादातर प्रेग्नेंट महिलाओं में देखी जाती है। इस बीमारी में मिट्टी खाने की लत किसी चीज़ के नशे के सामान होती है। एक्सपर्ट के अनुसार पाइका एक ऐसी बीमारी होती है जिसमें व्यक्ति को उन पदार्थों को खाने की इक्छा होती है जो खाने लायक नहीं है। इस बीमारी का नाम एक पक्षी के नाम पर रखा गया है। पाइका एक ऐसे पक्षी का नाम है जो कुछ भी खा लेते हैं इसलिए इस बीमारी को पाइका कहा जाता है।


## इनकी कमी से होती है मिट्टी खाने की क्रेविंग

इसके साथ ही कई बार मिट्टी खाने का संबंध कैल्शियम की कमी से किया जाता है लेकिन यह एकमात्र ऐसा कारण नहीं है। आयरन की कमी के कारण भी मिट्टी या मिट्टी जैसे पदार्थों को खाने की इच्छा करती है। इस बीमारी में महिलाओं को मिट्टी खाने की बहुत क्रेविंग होती है। ऐसे में जब आप बार बार मिट्टी खाते हैं तो आपके पेट में बहुत सी समस्याएं हो सकती हैं।

## किडनी स्टोन की हो सकती हैं समस्या

बार बार मिट्टी खाने से आंतों में रुकावट होती है। साथ ही आपके लीवर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि मिट्टी खाने वाले बच्चों और बड़ों के शरीर में सूजन की परेशानी होने लगती है। मिट्टी खाने की वजह से आपका डाइजेशन भी खराब होता है जिससे खाना ठीक से पच नहीं पाता है।

नीमिया की समस्या भी हो सकती है जैसा कि बताया कि आयरन की कमी के कारण भी आपको मिट्टी खाने की समस्या होती है। मिट्टी खाने से इंसान एनीमिया का भी शिकार हो जाता है क्योंकि शरीर में हीमोग्लोबिन हो जाता है। हीमोग्लोबिन कम होने से खून में ऑक्सीजन नहीं जा पाता इस वजह से एनीमिया हो जाता है।



# शरीर के लिए लाभप्रद है खट्टी-मीठी कीवी

**फलों और सब्जियों के सेवन से स्वास्थ्य को जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की पूर्ति होती है। ऐसा ही एक स्वादिष्ट फल हैं कीवी जिसे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता हैं। कीवी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, विटामिन सी, विटामिन बी, कैल्शियम, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, फॉस्फरोरस, कॉपर, जिंक, नियासिन, पोटैशियम, राइबोफ्लेविन, बीटा कैरोटीन आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से कई गंभीर बीमारियों से रिकवरी करने में बहुत फायदा मिलता है।**

गर्भवती महिलाओं के लिए कीवी बहुत फायदेमंद फल है। कीवी में फोलेट की पर्याप्त मात्रा होती है, जो गर्भ में पल रहे शिशु के दिमागी विकास के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। गर्भावस्था के दौरान कीवी खाने से बच्चों में न्यूरल डिफेक्ट का खतरा कम होता है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के बाद भी कीवी का सेवन जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से उनमें डिलीवरी के बाद कमजोरी और खून की कमी दूर करने में मदद मिलती है।

## डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज के मरीजों के लिए कीवी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। कीवी में मौजूद गुण डायबिटीज के मरीजों में ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में फायदेमंद माने जाते हैं। डायबिटीज के मरीज डॉक्टर की सलाह लेकर रोजाना कीवी का सेवन कर सकते हैं। इससे उनका पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है।

## ब्लड क्लॉटिंग को रोके

कीवी के सेवन से शरीर में खून का थक्का जमने की दिक्कत भी नहीं होती है। इसमें एंटीथ्रोम्बोटिक यानी खून का थक्का न जमने देने का गुण मौजूद होता है, जिसकी वजह से स्ट्रोक, किडनी और हार्ट अटैक संबंधी दिक्कत का खतरा भी कम रहता है।

## हड्डियों का रखता है ख्याल

कीवी में विटामिन के भी मौजूद होता है, जो ओस्टियोट्रोपिक एक्टिविटी या नए बोन सेल्स के डेवलपमेंट में योगदान कर सकता है। इसमें मौजूद विटामिन ई, मैग्नीशियम और फोलेट सभी तत्व स्वास्थ्य को कई लाभ प्रदान करते हैं।

## कब्ज को दूर करे

कीवी फल, कब्ज को दूर करने में काफी मदद करता है। इसके सेवन से पुरानी से पुरानी कब्ज भी ठीक होने लगती है। यह गैस, ब्लोटिंग, एसिडिटी, अपच जैसी पेट की दिक्कतों को भी ये दूर करता है। अगर आप भी लगातार कब्ज की बीमारी से परेशान हैं तो कीवी का फल आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। यह पेट साफ करने में भी मददगार है।



## हाई बीपी रहता है कंट्रोल में

कीवी में पोटेशियम और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से ह्रदय स्वस्थ रहता है। साथ ही उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। वहीं, फाइबर बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मददगार साबित होता है। एक शोध में उच्च रक्तचाप के मरीजों को एक हफ्ते में 8 किवी खाने की सलाह दी गई है। इसके लिए रोजाना कीवी का सेवन जरूर करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### नगरवासियों ने जमकर उड़ाया अबीर गुलाल

**बासुकीनाथ :** गुरुवार को बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती विवाह के बाद चांदी की पालकी ( चढ़ोल) में सवार होकर बाजे गाजे के साथ नगर परिक्रमा में निकले और नगरवासियों को अपना अलौकिक दर्शन दिये । बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती के पावन दर्शन पाने के लिए हजारों नगर वासी सड़क के किनारे खड़े रहे और बासुकीनाथ और मैया पार्वती का दिव्य दर्शन किया । नगर परिक्रमा के बाद बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती वापस मंदिर प्रांगण में लौटे जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पावन दर्शन किया । बाबा बासुकीनाथ रत्न जड़ित पालकी से बाहर मैया पार्वती के साथ निकले और फिर घुंघट की रस्म के बाद कोहबर घर ने प्रवेश कर गये । जहां वे होली तक विश्राम करेंगे । इस अवसर पर सभी ने जमकर रंग,अबीर एवम गुलाल उड़ाए और प्रसाद लेके हर्षोल्लास के साथ अपने अपने घरों को लौट गए ।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी रेलवे फाटक के समीप स्कॉर्पियो चालक ने बाइक सवार को यूवक जोरदार टक्कर मार दिया। वही घायल की पहचान जय प्रकाश नगर सक्रोगढ़ निवासी दशरथ साहनी के 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है। वही घायल विशाल कुमार ने बताया कि मैं बाजार की ओर जा रहा था। कि अचानक विपरीत दिशा से आ रही स्कारपियो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर नगर पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए और स्कॉर्पियो को थाना ले आए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सांप काटने से महिला मूर्छित

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लालबथानी निवासी फिरोज आलम की 30 वर्षीय पत्नी जकिया फिरदोशी को सांप के काटने से मूर्छित हो गई।वही परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां डॉ ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया गया। घायल की पति फिरोज आलम ने बताया कि घर कुछ काम कर रहे थी अचानक कुछ काट लिए।पत्नी द्वारा बताया कि सांप ने काट लिया। वही घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।खबर लिखे जाने तक खतरे से बाहर हैं।

### बबलू सोरेन की बाइक दुर्घटना में मौत

**साहिबगंज:** बरहेट थाना क्षेत्र के धनजोई गांव निवासी बबलू सोरेन की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। बरहेट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के सदर अस्पताल भेज दिया। स्वजनों ने बताया कि बबलु सोरेन उधवा रिक्शोंबान से फुटबॉल खेल कर घर आ रहा था। कि संतुलन बिगड़ने से दोपडीहा के समीप बाइक दुर्घटना हो गया।जहां बबलू सोरेन की मौके पर हीं मौत हो गई। जबकि दूसरा साथी मुकेश भी गंभीर रूप से घायल हो। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही बरहेट थाना प्रभारी ने बताया कि मामले कि जांच की जा रही है।

### कीटनाशक खाने से शिशु गंभीर

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शोभनपुर दियारा निवासी इब्राहिम शेख की एक वर्षीय पुत्र अजफर आलम कीटनाशक दवा खा लेने से मूर्छित हो गया।वही परिजनों ने इलाज के लिए आनन -फानन में सदर अस्पताल लाया जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ऋतु राज ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही घायल के पिता इब्राहिम शेख ने बताया कि घर पर गेहूं में डालने वाला कीटनाशक दवा रखा था। बड़ा बेटा उसे उठा कर नीचे जमीन पर रख दिया ।घायल अजफर आलम खेलते खेलते वहां पहुंच गया और कीटनाशक दवा खा लिए।

### पोस्ट ग्रेजुएट एडमिशन के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि 7 मार्च तक

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने गुरुवार को पीजी एडमिशन के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि 7 मार्च तक बढ़ा दी है। मालूम हो कि इससे पहले विश्वविद्यालय ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि 22 से 28 फरवरी तय की थी, जिसे अब बढ़ाकर 7 मार्च कर दिया गया है। ज्ञात हो कि कई छात्र-छात्राएं के पास सभी जरूरी डॉक्यूमेंट नहीं होने के कारण वे अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और एडमिशन नहीं करा पा रहे थे, इसलिए विश्वविद्यालय ने इस प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय की सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम ने बताया कि कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर गुरुवार को सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों और पीजी सेंटरों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है।

### घुंघट की रस्म के साथ महाशिवरात्रि एवम शिव पार्वती विवाहोत्सव संपन्न

बासुकीनाथ : विश्व प्रसिद्ध तीर्थनगरी बासुकीनाथ में महाशिवरात्रि एवम शिव पार्वती विवाहोत्सव की चार दिवसीय पावन पवित्र कार्यक्रम की समाप्ति गुरुवार को घुंघट की रस्म संपन्न होने के साथ हो गई । बाबा बासुकीनाथ एवम मैया पार्वती का विवाह बाजे गाजे एवम विवाह के मधुर एवम मंगल गीतों के बीच प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा और कई नेग विद के बाद बुधवार देर रात को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया । बुधवार को संध्या चार बजे से बाबा बासुकीनाथ एवम मैया पार्वती मंदिर के शिखर पर परम पवित्र त्रिशुल, पंचशूल, घड़ा ,पताका और गठबंधन चढ़ाने का कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बासुकीनाथ मंदिर के विदकरी सोखी कुंवर के परिजनों द्वारा प्रारंभ किया गया । मंदिर के शिखर पर चढ़ाने से पहले त्रिशुल एवम पंचशूल का विधिवत मंदिर के गर्भगृह में पूजा अर्चना किया गया । महाशिवरात्रि बुधवार के देर रात्रि में बाबा बासुकीनाथ की भव्य बारात निकाला गया जिसमे दुल्हा बने बाबा बासुकीनाथ को चढोल पर चढ़ा कर नगर भ्रमण कराया गया । बाबा बासुकीनाथ के बारात में झांकी एवम बाजे गाजे के साथ हजारों बारातियों ने भाग लिया । बारात वापस बासुकीनाथ मंदिर पहुंची और विवाह के रस्मों को अदा करने के बाद लगभग रात्रि एक बजे बाबा एवम मैया का विवाह संपन्न हो गया । महाशिवरात्रि बाबा बासुकीनाथ के विवाहोत्सव पर लगभग हजारों लोगों ने हाजिरी लगाया और बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती के विवाह के साक्षी बने ।

### जदयू कार्यकर्ताओं ने मनाया नीतीश कुमार का जन्मदिन

**पलामू:** जनता दल यूनाइटेड के पलामू जिला कार्यालय बेलवा टिकट स्थित डालमिया कैंपस में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन मनाया गया। मौके पर जदयू के पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने केक काटा एवं उन्हें दीघार्यु होने की कामना की। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड झारखंड में पूरी तरह एकजुट है और पार्टी एक सूत्र से संगठन का काम हो रहा है। मौके पर दिलीप पांडे, यूनाइटेड के प्रदेश सचिव अवध किशोर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रवि, मुकेश पाठक, वरिष्ठ नेता जनता दल यूनाइटेड हरि नारायण प्रजापति, राजपति प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष भीम कुमार मेहता, शंकर सिंह, सचिन मेहता, अरुण प्रसाद, चिंटू मेहता, राजेंद्र राय आदि लोग मौजूद थे।

# आरपीएफ ने 13650 रुपये के अवैध शराब को प्लेटफॉर्म से किया बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** शनिवार को बरहरवा आरिपीएफ को विश्वसनीय स्त्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि टी/एन नम्बर. 15658 युपी बाराम्पुत्र मेल द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब अवैध रूप से ले जाई जा रही है। सूचना के बाद मामले की जानकारी आईपीएफ आरपीएफ पोस्ट,एनएफके के साथ-साथ आईपीएफ आरपीएफ पोस्ट,बीएचडब्ल्यू, प्राणेश कुमार,पुत्र स्वर्गीय रामदेव तिवारी,जो आरपीएफ पोस्ट,एनएफके,मालदा मंडल,ईआर के अंतर्गत एएसआई आरपीएफ ओपी,केटीजे के रूप में तैनात हैं।अब सीपीडीएस एमएलडीटी के रूप में कार्यरत हैं।को सहायता प्रदान करने के लिए सूचित किया गया। आरपीएफ पोस्ट बीएचडब्ल्यू के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ट्रेन 15658 अप के अंदर गहन तलाशी जाँच अभियान शुरू कर दी।जबकि उक्त ट्रेन बीएचडब्ल्यू रेलवे




स्टेशन से रवाना हो चुकी थी।सीपीडीएस,मालदा-ए टीम के अधिकारियों,कर्मचारियों ने कांस्टेबल बरुण कुमार यादव, कांस्टेबल कुमार प्रलयंकर के साथ एसआई एल.बी.मांघी और एएसआई,सुरेश पासवान, दोनों आरपीएफ,पोस्ट,बीएचडब्ल्यू के साथ बीएचडब्ल्यू के पीएफ एक रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से छापेमारी सह तलाशी की और एनएफके छोर पर संयुक्त छापा मारने वाले दल को लावारिश अवस्था में काले रंग का बैग मिला इसके मालिक का पता लगाने के लिए भरसक प्रयास किए,लेकिन सफलता नहीं मिली।इसलिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद,बैग को खोला गया और पाया कि उसके अंदर ऑफिसर चॉइस व्हिस्की टेट्रा पैक शराब थी। 105 नग ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की टेट्रा पैक मात्रा 180 मिली प्रत्येक,मूल्य 130 रुपये प्रत्येक, कुल मूल्य 13,650/- रुपये,01काले रंग के बैग में रखे गए थे।ततपश्चात मौके पर यानी बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01,एनएफके छोर पर बीएनएसएस 2023 में निर्धारित प्रावधान के अनुसार उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में 06.40 बजे से 07.15 बजे तक उपरोक्त शराब से युक्त एक हैंड बैग जब्त किया।इसके बाद जब्त शराब को जब्ती सूची के अनुसार आरपीएफ पोस्ट,बीएचडब्लू में रखा जाएगा तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही के लिए साहिबगंज एक्साइज डिपार्टमेंट को सूचित किया जाएगा।

# उपायुक्त हेमंत सती ने पहाड़ों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से की वार्ता



### सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा, रोजगार एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण के दिए निर्देश

**साहिबगंज:** उपायुक्त हेमंत सती ने पगार पहाड़, बालको पहाड़ और भतभंगा पहाड़ का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ प्राप्ति की जानकारी ली।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है या नहीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवासों की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही विरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत किए गए पौधारोपण कार्य एवं विरसा आवास योजना के लाभुकों से मिलकर फीडबैक लिया।

आंगनबाड़ी भवन नहीं होने पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पाया कि पहाड़ों के गांवों में आंगनबाड़ी भवन का अभाव है। आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि वह अपने निजी आवास में आंगनबाड़ी केंद्र चला रही हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर उपायुक्त ने तत्काल आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

उपायुक्त ने ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहाड़ों पर बसे गांवों के महिलाओं एवं पुरुषों को मशरूम उत्पादन और बांस के हेड़ी क्राफ्ट की ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

ग्रामीणों से किया संवाद ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और सभी को इनका लाभ मिलना चाहिए।

### रोजा रखने से आत्मा पवित्र होता है और रोजेदार को बे हिसाब नेकियां मिलती है : बरकत खान

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** इस्लाम धर्म के द्वितीय सिद्धांत में से एक रोजा भी है, इसलिए रमजान के मुबारक महीने में रोजा रखना हर बालिग महिला पुरुष के लिए अनिवार्य है।यह बातें पाकुड़ विधायक मोहतरमा निशात आलम के प्रतिनिधि बरकत खान ने कही।उन्होंने कुरान हदीस के हवाले से बात करते हुए कहा कि,रमजान के महीने में रोजा रखने से जहां अनगिनत सवाब है,और अल्लाह ताला इसका बदला अपने हाथों से बंदे को देता है,वहीं इसका शरीर के लिए वैज्ञानिक प्रमाणिकता भी है,रोजा रखने से शरीर बिल्कुल स्वस्थ रहता है और इम्यूनिटी इतना बढ़ता है कि सभी प्रकार के बीमारियों से मुक्त रहता है। और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।इसलिए सभी मुसलमान भाईयों को चाहिए कि रमजान उल मुबारक के पवित्र महीने में रोजा रखे और दिल लगाकर कुरान पढ़े तथा तस्वी तहलील कर रात गुजारे और ज्यादा से ज्यादा तौबा इस्तीफर कर अपने आत्मा की शुद्धि प्राप्त करें।यह भी बताया कि रमजान



महीने में एक रात लैलातुल कादर का भी रात है।लैलातुल कादर की रात में रात भर जागकर इबादत बंदगी करने वाले को हजार महीने से भी ज्यादा समय का सवाब मिलता हैरमजान के महीने में जन्नत के सारे दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं।रमजान महीने की बरकत ईतनी है कि शब्दों में बयां करना मुश्किल है,रमजान महीने में अल्लाह ताला अपने सारे रहमत के दरवाजे को खोल देता है,इसलिए जो हलाल रोजी खाकर पूरे महीने भर रोज रखेगा और ईद की दो रकात नमाज अदा करेगा तो अल्लाह ताला उसके सारे गुनाहों को बख्श देता है,इसी वजह से इस्लाम धर्म के अनुयाई पवित्र रमजान महीने में एक महीने तक पूरे विधि विधान के साथ रोजे रखता है।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट पांच घायल

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत डाकबंगला मोतीझरना महाराजपुर गांव में बीते शुक्रवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।वही एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। देखते देखते महाराजपुर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चिकित्सक डॉ चंदन कुमार ने किया। घायलों में शेख शरीफ 30 वर्ष, मोहम्मद सद्दाम 33 वर्ष ,शेख इस्तेखार उम्र 22 वर्ष,शेख उमर 70 वर्ष एवं जुलैखा बीबी 55 वर्ष शामिल है। वही घायल शेख शरीफ ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी सफीना बीबी महाराजपुर मेला देख कर अपने ससुराल डाकबंगला जा रहे थे। कि रास्ता रोक जाफर खान,तालीम खान ,आशु खान, इकाईल खान,अयूब खान एवं इब्राहिम खान ने देशी कट्टा के बट एवं तलवार के बट से मुझे मारकर घायल कर दिया ।वही मैं बेहोश हो गया मेरी पत्नी के हो हल्ला करने पर मेरी पत्नी सफीना बीबी रिश्तेदार आए और उन्हें भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि हल्ला सुनकर हमलोग वहां पहुंचे देखा कि जाफर खान, तालीम खान,आशु खान हथियार से लैश मेरा बहनोई को मारकर बेहोश कर दिया।हमलोग कुछ समझ पाते कि अचानक पीछे से अयूब खान, इब्राहिम खान, इकाइल खान ने हमलोगों को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही पड़ोस के कुछ लोगों द्वारा आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। वहीं घायल शेख शरीफ की पत्नी ने बताया कि मारपीट में मेरे गले से दो भरी का सोने का चैन छीन लिया एवं पॉकेट में रखें लगभग दस हजार रुपए निकाल लिए।वही तालझारी पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को दी जाने वाली राशि का भुगतान समय पर हो : उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला समाहरणालय स्थित गोपनीय कार्यालय में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में कोषागार से राशि निकासी, योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित राशि की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को समय सीमा के भीतर लंबित राशि की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व सभी योजनाओं के भुगतान की प्रक्रिया पूरी हो सके।

लंबित राशि की निकासी में तेजी लाने का निर्देश बैठक में उपायुक्त ने विभागवार मदों के तहत



उपलब्ध राशि और उसकी निकासी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं के लिए आवंटित राशि का समय पर उपयोग किया जाए। लंबित भुगतान के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए ससमय राशि निकासी की प्रक्रिया पूरी की जाए।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को दी जाने वाली राशि का भुगतान समय पर हो, इसके लिए पदाधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। साथ ही विभागीय समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया।विभिन्न विभागों की हुई समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल विमल सोरेन, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला भु-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार विन्हा, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव एवं नगर प्रशासक अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

# लोगों को एमडीए कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में बताया

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन के आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों के अंतर्गत बड़ा मदनशाही में डॉ सत्ती बाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार के नेतृत्व में गठित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों और सदर प्रखंड के पारामेडिकल कर्मियों दल के द्वारा मदनशाही के विभिन्न गली मोहल्ले में एमडीए कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी लोगों को एमडीए का दवा अपने सामने में खिलाया गया। साथ ही गाँव में उपस्थित सभी लोगों को फाईलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को एमडीए कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में बताया गया।साथ ही डॉ्ङ सत्ती बाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार डॉ्ङ विवेक भारती चिकित्सा पदाधिकारी, अभिषेक कात्यायन पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा कुछ दवा खाने से इनकार किए गए लोगों को समझा बुझा कर अपने



सामने में दवा खिलाई गई! साथ ही सभी लोगों को गर्भवती महिलाओ,1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लक्षित जन-सामुदाय को दवा सेवन करने को कहा गया! विदित हो की मदनशाही गाँव में 11 फरवरी को विद्यालय में दवा खिलाने के बाद कुछ बच्चों में प्रतिकूल प्रभाव हो जाने से पुरे गाँव दवा खाने से इनकार कर दिए थे।लेकिन जिले से डॉ्ङ सत्ती बाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार, अभिषेक कात्यायन पिरामल स्वास्थ्य व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों की टीम ने काफी मसक्कत के बाद दिनांक 28 फरवरी 2025 को मदनशाही के कुछ गणमान्य व्यक्तियों, मस्जिद में मौलवी मौलाना और ग्रामीणों के बीच बैठक कर एवं समझा बुझा कर लोगों को एमडीए कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया गया और एमडीए कार्यक्रम में सभी लक्षित जन सामुदाय को दवा खाने की अपील की गई! मौके पर मनोहर पंडित एमटीएस कोमल गुप्ता पिरामल स्वास्थ्य, एडवर्ड सोरेन सीएच ओ, पूजा कुमारी एएन एम, मनीष कुमार फार्मासिस्ट, विनोद कुमार सिंह, जहांगीर दौला, बिमल ओझा, इनामूल हक, कालाधर प्रसाद , सुमन कुमार, पवन कुमार, अनिल कुमार, अजित कुमार, विक्रम शर्मा,मो्ङ रासीद , मकसूद आलम, नासिर हुसैन, राजहंस सिंह मपीडब्लु, गीता कुमारी सहिया साथी,अनिदा खातून सहिया, तारा बेगम सेविका आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# फिल्म 'द पैराडाइज' का नया पोस्टर रिलीज, 3 मार्च को आएगा 'रॉ स्टेटमेंट'




फिल्म अभिनेता नानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर फैंस की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह इस फिल्म के निर्देशक श्रीकांत ओडेला हैं, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दसारा' का निर्देशन किया था। इसके पोस्टर ने दर्शकों का ध्यान खींचा था और अब मेकर्स ने एक और बड़ा अपडेट शेयर किया है। 3 मार्च को 'रॉ स्टेटमेंट' रिलीज होने जा रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया है। इस खास अनाउंसमेंट से पहले, मेकर्स ने 'द पैराडाइज' का एक नया इंटेंस पोस्टर जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस नए पोस्टर ने दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है, जिससे फिल्म को लेकर प्रत्याशा अपने चरम पर पहुंच गई है। स्टार नानी की अपकमिंग फिल्म 'द पैराडाइज' के पोस्टर में एक कौए का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसकी आंखों में चमकती रोशनी उसे और भी रहस्यमयी और डरावना बना रही है। पोस्टर के साथ दिया गया कैप्शन, ₹अब कौओं को पहले जैसा नहीं देख पाओगे!₹ सस्पेंस को और भी गहरा कर रहा है। यह इशारा कर रहा है कि मेकर्स कुछ अनोखा और धमाकेदार लेकर आ रहे हैं। श्रीकांत ओडेला की दमदार स्टोरीटेलिंग और नानी की प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि 'द पैराडाइज' एक जबरदस्त फिल्म साबित होगी। अब सबकी नजरें 3 मार्च पर टिकी हैं, जब मेकर्स ह्यरॉ स्टेटमेंटह्व के जरिए फिल्म की पहली झलक सामने लाने वाले हैं। फैंस की उत्सुकता अपने चरम पर है और यह सस्पेंस हर किसी को फिल्म के लिए और ज्यादा इंतजार करने पर मजबूर कर रहा है। 'द पैराडाइज' सिर्फ नैचुरल स्टार नानी की मच-अवेटेड फिल्म ही नहीं, बल्कि निर्देशक श्रीकांत ओडेला के साथ उनकी दूसरी जोड़ीदारी भी है। इससे पहले इस जोड़ी ने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दसरा' में साथ काम किया था, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला था। इस फिल्म को 'एसएलवी सिनेमाज' के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है, जो अपनी भव्य प्रस्तुतियों के लिए जाना जाता है। वहीं, म्यूजिक का जादू बिखेरने के लिए अनिरुद्ध रविचंदर जुड़े हैं, जिनका बैकग्राउंड स्कोर और गाने हमेशा हिट साबित होते हैं। अब, फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है, क्योंकि 3 मार्च को 'रॉ स्टेटमेंट' रिलीज होने वाला है, जिससे फिल्म की पहली झलक सामने आएगी। 'द पैराडाइज' के हर अपडेट को लेकर दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं!

# गोविंदा से दूर रहने वाले अपने बयान पर सुनीता आहूजा ने दी सफाई



पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि गोविंदा और सुनीता आहूजा की शादीशुदा जिंदगी में उथल-पुथल चल रही है। गोविंदा के मैनेजर ने कहा था कि सुनीता ने कुछ बयानों के बाद उनके रिश्ते में तनाव पैदा हो गया था। सुनीता के वकीलों ने यह भी बताया कि 6 महीने पहले सुनीता ने गोविंदा को तलाक का नोटिस भेजा था, लेकिन बाद में उन्होंने अपने मतभेद सुलझा लिए थे। दरअसल, कुछ महीने पहले सुनीता ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह और गोविंदा अब साथ नहीं रह रहे हैं, लेकिन इसके तुरंत बाद सुनीता ने कहा कि दूसरा घर सिर्फ गोविंदा के राजनीतिक काम के लिए था और वे अलग नहीं हुए हैं। यह वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में सुनीता ने कहा, ₹हम अलग-अलग रहते हैं। जिसका मतलब है कि जब वह राजनीति में आए, तो मेरी बेटी बड़ी हो रही थी और सभी तरह के पार्टी कार्यकर्ता घर आते थे। सुनीता कहती हैं, ₹मैं और मेरी बेटी पूरे दिन शॉर्ट्स पहनकर घूमते थे, इसीलिए हमने अपने अपार्टमेंट के सामने एक ऑफिस ले लिया। इस दुनिया में ऐसा कोई नहीं है, जो मुझे और गोविंदा को अलग करने की हिम्मत कर सके।

## फिल्म 'छावा' चार सौ करोड़ के क्लब में हुई शामिल

फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा कायम रखा है। फिल्म का सफल प्रदर्शन इसकी रिलीज की तारीख से ही जारी है। लक्ष्मण उतेकर की निर्देशित इस फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल को छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में दर्शकों ने खूब सराहा है। 14 फरवरी को दुनियाभर में रिलीज हुई 'छावा' लगभग दो हफ्ते से बाक्स आफिस पर जलवा दिखा रही है। इस फिल्म ने 15वें दिन भी भारी कमाई की है। फिल्म अब तक 412 करोड़ से अधिक कमाई कर चुकी है। फिल्म 'छावा' को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में लग रही हैं। सैकनीलक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'छावा' ने रिलीज के 14वें दिन 12 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसे मिलाकर कुल 14 दिन की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 398.25 करोड़ रुपये हो गया है। अब 15वें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है। फिल्म ने 15वें दिन 13.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस तरह भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 412.15 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का बजट 130 करोड़ रुपये है। 'छावा' वर्ष 2025 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है, यह फिल्म विक्की कौशल की करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल के साथ रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका फिल्म में रानी येसुबाई भोसले की भूमिका निभा रही हैं। अक्षय खन्ना औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं।

# मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल का एक्स का अकाउंट हैक



लोकप्रिय बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल अपने गानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। उन्होंने अपनी मधुर आवाज से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। श्रेया ने अब तक कई हिंदी और मराठी गाने गाए हैं। उनके गाए कई गाने सुपरहिट हो चुके हैं। इसी बीच खबर है कि श्रेया घोषाल सोशल मीडिया पर एक्स अकाउंट हैक हो गया था। इसकी जानकारी श्रेया घोषाल ने अपने प्रशंसकों को जानकारी देते हुए बताया कि वह कुछ समय से एक्स पर सक्रिय नहीं हैं। हाल ही में श्रेया घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में सिंगर ने लिखा, ₹सभी को हेलो..., मेरा एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स टीम से संपर्क करने के कई प्रयास किए हैं, लेकिन मुझे ऑटो-जेनरेटेड रिस्पॉन्स के अलावा किसी भी तरह का रिस्पॉन्स नहीं मिला है। इसलिए मैं अपना एक्स अकाउंट डिलीट भी नहीं कर पा रही हूं क्योंकि मैं लॉगइन नहीं कर पा रही हूं। श्रेया घोषाल ने अपने प्रशंसकों से कहा, कृपया ऐसे किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और इनसे संबंधित किसी भी संदेश पर भरोसा न करें। ये सभी स्पैम और फि शिंग लिंक हैं। मेरा अकाउंट रिकवर होने के बाद मैं आपको अपडेट करूंगी। इस बीच उन्हें अपना पहला गायन अवसर प्रसिद्ध निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में मिला। अब तक श्रेया ने एक हजार से अधिक बॉलीवुड गाने गाए हैं। इसमें 'डोला रे डोला', 'सिलसिला ये चाहत का', 'चिकनी चमेली', 'तेरी मेरी', 'तेरे लिए' जैसे कई गाने शामिल हैं।

# नेटफ्लिक्स की नई रोमांटिक फिल्म 'नादानियां' का ट्रेलर जारी

स्टार किड्स को लेकर दर्शकों के बीच हमेशा उत्सुकता बनी रहती है। ऐसे में सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान के डेब्यू को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। अब करण जौहर की फिल्म 'नादानियां' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें इब्राहिम अली खान की पहली झलक देखने को मिली है। करण जौहर की फिल्म 'नादानियां' में इब्राहिम अली खान के अलावा खुशी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। ट्रेलर एक रोमांटिक कहानी की झलक दिखाता है, जिसमें एक दिलचस्प मोड़ भी शामिल है। इब्राहिम अली खान फिल्म में अर्जुन मेहता का





किरदार निभा रहे हैं, जो एक लॉ कॉलेज में दाखिला लेना चाहता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात खुशी कपूर के किरदार पिया जय सिंह से होती है, जो महत्वाकांक्षाओं से ज्यादा प्यार को तवज्जो देती है। धीरे-धीरे अर्जुन और पिया एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं और उनकी लव स्टोरी आगे बढ़ने लगती है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट तब आता है, जब अर्जुन सबके सामने यह खुलासा करता है कि उसे पिया को डेट करने के लिए हर हफ्ते 25 हजार रुपये मिलते हैं। करण जौहर की फिल्म 'नादानियां' का ट्रेलर रिलीज होने पर सोशल मीडिया पर दर्शकों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। जहां कुछ फैंस इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की जोड़ी को पसंद कर रहे हैं, वहीं कई लोग ट्रेलर देखकर फिल्म को लेकर नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फिल्म 'नादानियां' 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म का निर्देशन शौना गौतम ने किया है, जबकि इसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। अब देखना होगा कि यह फिल्म ओटीटी पर कितनी सफल साबित होती है।

## आर्मंड डुप्लांटिस ने 11वीं बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली :** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने शुक्रवार को फ्रांस के क्लेरमोंट-फेरैंड में ऑल-स्टार पर्च मीट में 6.27 मीटर की छलांग लगाकर 11वीं बार विश्व पोल वॉल्ट रिकॉर्ड तोड़ दिया। दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने अगस्त में सिलेसिया में बनाए गए 6.26 के अपने पिछले वैश्विक रिकॉर्ड को तोड़ने के अपने पहले प्रयास में रिकॉर्ड ऊंचाई को पार किया, जिससे ट्रैक-साइड आतिशबाजी की चमक से अखाड़ा जगमगा उठा। डुप्लांटिस ने संवाददाताओं से कहा, ₹मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा। मैं क्या कह सकता हूं, मैं इसे करने के लिए यहां आया था। मैंने इसे करने के लिए सब कुछ तैयार कर लिया। रन-अप वास्तव में बहुत अच्छा रहा। मैंने बस इसे कर दिखाया। इमैनौइल करालिस 6.02 मीटर के ग्रीक रिकॉर्ड क्लीयरेंस के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि छह पुरुषों ने पहली बार एक ही प्रतियोगिता में 5.91 मीटर या उससे अधिक की क्लीयरेंस की। 25 वर्षीय डुप्लांटिस जिन्होंने पहले दिन अपने उपनाम ₹मोंडो₹ के तहत अपना पहला गाना ₹बॉप₹ रिलीज किया था - ने आसानी से 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की ऊंचाई को पार किया और जीत हासिल करने के साथ ही, उन्होंने अपने विश्व रिकॉर्ड प्रयास के लिए बार को 6.27 तक बढ़ा दिया।

### टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर ने फ्लड लाइट्स में निखारी फील्डिंग

# खिलाड़ियों ने जिम में बहाया पसीना



**कानपुर :** केपीएल 2025 में दमदार प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर की टीम ने शनिवार को जबरदस्त अभ्यास किया। सुबह खिलाड़ियों ने जिम में कड़ा वर्कआउट कर अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया, जिससे उनकी सहनशक्ति और ताकत में इजाफा हो सके। जिम सत्र के बाद टीम ने फ्लड लाइट्स में फील्डिंग का गहन अभ्यास किया, जहां खिलाड़ियों ने तेज रोशनी में कैचिंग, थ्रोइंग और रन आउट करने की रणनीतियों को निखारा। फील्डिंग कोच शशिकांत खांडेकर और मो. आमिर ने खिलाड़ियों को हाई कैच लेने, लो थ्रो को सही दिशा में भेजने और सटीक रन आउट करने की तकनीकों पर विशेष रूप से ट्रेंड किया। इस दौरान टीम के कप्तान सतनाम सिंह ने साथी खिलाड़ियों को निर्देशित करते हुए मैच-परिस्थितियों के अनुरूप खेलने पर जोर दिया। इस बीच, रविवार से केपीएल 2025 की मैच श्रृंखला का आगाज होने जा रहा है, और टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर का पहला मुकाबला सोमवार, 3 मार्च को ग्रीन पार्क स्टेडियम में जेके कैंट के खिलाफ होगा। टीम के संरक्षक प्रणीत अग्रवाल और टीएसएच के डायरेक्टर स्पोर्ट्स आर.पी. सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने की प्रेरणा दी। पूरी टीम अपने पहले मैच में दमदार शुरूआत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

# साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका : नीरज चोपड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय नागरिकों से मोटापे के खिलाफ लड़ाई में एक सक्रिय जीवनशैली बनाए रखने के लिए ह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिलह्व में भाग लेने के आह्वान को दोहराया है। भाला फेंक स्टार नीरज ने कहा कि साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है। हर किसी को साइकिल चलाने के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। फिट इन इंडिया के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी वीडियो में नीरज चोपड़ा ने कहा कि नमस्ते फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अपनी फिटनेस को बेहतर बनाने और प्रदूषण को नियंत्रित करने में योगदान देने का एक बेहतरीन तरीका है। इसलिए, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि अगर आप हर दिन समय नहीं निकाल पाते हैं, तो कृपया हर रविवार को साइकिल जरूर चलाएं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की विज्ञप्ति के अनुसार, इस साइकिलिंग अभियान की शुरूआत 17 दिसंबर, 2024 को केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने 'फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज' के उद्देश्य और प्रदूषण का समाधान खोजने के तरीके के रूप में की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में मोटापे से लड़ने के लिए संतुलित आहार लेने और तेल का सेवन कम से कम 10 प्रतिशत कम करने के महत्व पर प्रकाश डाला था। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में फिट इंडिया मिशन को एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया था। इस सप्ताहांत की साइकिलिंग पहल (2 मार्च) का विषय मोटापे से लड़ना है। 2007 टी20 विश्व कप विजेता गेंदबाज जोगिंदर शर्मा, अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश सितारे रमित टंडन और अनाहत सिंह के साथ कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के अधिकारियों सहित 600 साइकिल चालक, मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से कर्तव्य पथ होते हुए विजय चौक, रायसीना हिल्स और वापस में स्टेडियम तक मोटापे से लड़ना और प्रदूषण का समाधान का संदेश फैलाने के लिए साइकिल चलाएंगे। अब तक, 'फिट इंडिया संडे साइकिलिंग' का आयोजन देशभर में 4200 से अधिक स्थानों पर किया गया है, जिसमें 2 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया है। यह आंदोलन देश भर में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को भी बढ़ावा देता है।



# शिमला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नशा तस्कर गिरोह के पांच सदस्य काबू

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार तेज होती जा रही है। शिमला पुलिस ने एक बड़े अभियान के तहत कुख्यात नशा तस्कर गिरोह से जुड़े पांच और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह उत्तर भारत में फैला हुआ था और पुलिस की जांच में इसके कई अहम खुलासे हो रहे हैं। अब तक इस गैंग से जुड़े 44 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए गिरोह के तस्करों की पहचान अभिषेक वर्मा, मनीष ठाकुर, शेखर ठाकुर, अरविंद कुमार गुप्ता और संतोष कुमार के रूप में हुई है। ये सभी शिमला और ठियोग के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक ये आरोपी नशे की तस्करी में लंबे समय से सक्रिय थे और एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा थे। पुलिस



जांच में यह बात सामने आई है कि यह गिरोह नशे की तस्करी के लिए आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल कर रहा था। डिजिटल ट्रांजेक्शन और साइबर तकनीकों के जरिये यह प्रदेश में नशे का जाल फैला रहा था। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह से हिमाचल में करीब 200 लोग जुड़े हो सकते हैं जबकि उत्तर भारत में यह संख्या 400 तक पहुंच सकती है। जांच में यह भी पता चला है कि इस सिंडिकेट को कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त था। पुलिस पहले ही नशे की तस्करी में शिमला के एक तहसील कल्याण अधिकारी और एक महिला वकील को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरोह की पहुंच पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड तक थी जिससे पता चलता है कि यह एक अंतरराज्यीय नेटवर्क था।

### बैंक खातों और डिजिटल पेमेंट की गहन जांच

शिमला पुलिस अब आरोपियों के बैंक लेन-देन, कॉल डिटेल और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है ताकि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके। संदीप शाह गिरोह की फंडिंग के स्रोतों को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस हवाला लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से भी मामले की पड़ताल कर रही है।

शिमला पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने रविवार को कहा कि संदीप शाह गिरोह के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के सरगना संदीप शाह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। नशा कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्रग माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### 'मिशन क्लीन' और 'भरोसा' अभियान के तहत जारी कार्रवाई

बता दें कि शिमला पुलिस ने नशे की तस्करी के खात्मे के लिए 'मिशन क्लीन' और 'भरोसा' अभियान चलाया है। इसके जरिये पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने कई बड़े ड्रग सप्लायर्स और तस्करों को गिरफ्तार किया है। बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि नशे की तस्करी कर रहे गिरोहों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की कोशिश है कि नशे के इस काले कारोबार को जड़ से खत्म किया जाए और प्रदेश को नशा मुक्त बनाया जाए।

## हरियाणा में 9 निगम समेत 40 निकायों में मतदान जारी, तीन जिलों में ईवीएम खराब



**रोहतक :** हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए रविवार सुबह 8 बजे से मतदान जारी है। अभी तक प्रदेश में कहीं से भी हिंसा की खबर नही है। अलबत्ता तीन स्थानों पर ईवीएम खराब होने के कारण मतदान बाधित जरूर हुआ है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल में, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर फरीदाबाद में मतदान कर चुके हैं। चुनाव मैदान में उतरे ज्यादातर प्रत्याशी भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। गुरुग्राम के वार्ड पांच में ईवीएम खराब होने से करीब एक घंटा वोटिंग बाधित हुई। नूंह में तावडू नगर पालिका चुनाव बूथ पर ईवीएम खराब होने से एक घंटा मतदान रुका रहा। रोहतक के वार्ड 16 में भारतीय कन्या स्कूल में बनाए गए बूथ के अंदर मेयर वोटिंग की ईवीएम खराब होने से मतदान कुछ समय बाधित हुआ।

## न्यूज IN ब्रीफ

### झांसी मेडिकल कॉलेज : वार्ड के बाथरूम में मरीज ने फांसी लगाकर दी जान

**झांसी :** महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में उस समय सनसनी फैल गई जब लगभग 66 वर्षीय मरीज ने वार्ड के बाथरूम में सुसाइड कर लिया। उसका शव बाथरूम में दरवाजे की चौखट पर गमछा के फंदे पर झूलता मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ठीक से इलाज नहीं कर रहे थे। इससे लाखन दुखी हो गया और जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हमीरपुर के नौरंगा गांव निवासी 66 वर्षीय लाखन सिंह सीने में दर्द से पीड़ित था। परिजनों ने बताया कि पहले वह घर पर ही दर्द की दवा खाते रहे, लेकिन दर्द बढ़ने पर 24 फरवरी को उसे इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज लेकर आए थे। यहां पर डॉक्टर ने उनको भर्ती कर लिया। लाखन की तीमारदारी के लिए उसके पास बेटा रामकुमार रुका था। शनिवार शाम करीब 4 बजे भाई मनमोहन सिंह और उसका भतीजा देवेंद्र उनको देखने आए थे। मनमोहन ने बताया कि भाई लाखन उनके सामने बाथरूम करके वापस बेड पर आ गया। इसके बाद वह और देवेंद्र फल लेने बाहर चले गए। तब लाखन दोबारा बाथरूम में चला गया। नाक पर गमछा रखकर बेटे से बोले कि अंदर गंदगी है। इसके बाद अंदर जाकर बाल्टी पर खड़े होकर दरवाजा की चौखट पर गमछा से फंदा बनाया और लटक गए। थोड़ी देर बाद जब एक मरीज बाथरूम गया तो चिल्लाते हुए बाहर भागा। शोर सुनकर बेटे ने जाकर देखा तो लाखन की मौत हो चुकी थी। मनमोहन का आरोप है कि लाखन का इलाज ठीक से नहीं हो रहा था। उसका कहना है कि लाखन का चेहरा सूजा और उनके पूरे शरीर में पानी भर गया था। यदि सही इलाज होता तो लाखन आत्महत्या नहीं करता। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

**इनका है कहना :** इस मामले में मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. सचिन माहुर का कहना है कि लाखन सिंह के फेफड़ों में टीबी की वजह से पानी भरा था। दिल के बाहर भी पानी भरा था। उसका इलाज चल रहा था। कहा कि परिजनों के आरोपों की जांच कराई जाएगी। पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### संभल के चार प्राचीन तीर्थ स्थलों के कुंडों में मिलाया जाएगा प्रयागराज संगम के त्रिवेणी का जल

**संभल :** जनपद के चार प्राचीन तीर्थ स्थलों के कुंड में प्रयागराज संगम के त्रिवेणी का जल छोड़ा जाएगा। जो लोग महाकुंभ-2025 में स्नान करने के लिए प्रयागराज नहीं जा पाए थे वह इन कुंड में आस्था की डुबकी लगा सकते हैं। यह बात रविवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मीडिया से बात करते हुए कहीं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने आगे बताया कि शासन द्वारा प्रयागराज से त्रिवेणी संगम का पवित्र जल टैंकर के माध्यम से जनपद में भेजा जा रहा है। यह जल संभल के चंदौसी स्थित वंश गोपाल तीर्थ, कुरुक्षेत्र मंदिर तीर्थ, नैमिषारण्य तीर्थ (शिवनाथधाम), तीर्थ रोड मंदिर हयातनगर के कुंडों में मिलाया जाएगा। एसपी ने आगे कहा कि जो लोग प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में नहीं जा पाए थे वह इन कुंडों में स्नान कर सकते हैं। साथ ही इस पवित्र जल को अपने घर भी ले जा सकते हैं।

### जंगल में आग लगाने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज

**शिमला :** जिला शिमला के रामपुर थाना क्षेत्र में जंगल में आग लगाने की घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी आयुष गुप्ता की लिखित शिकायत पर पुलिस थाना रामपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 287 बीएनएस और भारतीय वन अधिनियम की धारा 33(1) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 19 फरवरी को शरारती तत्वों ने जानबूझकर जंगल में आग लगा दी जिससे वन क्षेत्र की कई मूल्यवान पौधें और वृक्ष पूरी तरह जलकर राख हो गए। यह घटना जिला शिमला के रामपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले उरमन गांव में हुई। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी सुरजीत सिंह पुत्र सुनील कुमार, निवासी गांव उरमन, डाकघर मुनीश बहली, तहसील रामपुर जिला शिमला को नामजद किया गया है। वन विभाग के अनुसार इस आगजनी की वजह से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हुआ है। क्षेत्र में लगाए गए सैकड़ों पौधे जलकर नष्ट हो गए, जिससे जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। साथ ही इस घटना से वन्यजीवों के आवास को भी क्षति पहुंची है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अयुष गुप्ता ने बताया कि आगजनी की इस घटना के पीछे मानवीय लापरवाही प्रतीत हो रही है। वन विभाग ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस मामले की गंभीरता से जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग और पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे जंगल में आगजनी जैसी घटनाओं से बचें और यदि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। जंगलों में आग लगने से पर्यावरण को भारी नुकसान होता है, जिससे आमजन के जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### राजस्थान में मौसम का बदला मिजाज, कई जिलों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

**जयपुर :** राजस्थान में 28 फरवरी और 1 मार्च को हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। कई शहरों में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरने से ठंडक बढ़ गई है। ओलावृष्टि से प्रदेश के भरतपुर- धौलपुर समेत कई जिलों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भरतपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिला कलेक्टरों से ओलावृष्टि के हालात पर चर्चा की। उन्होंने जिला कलेक्टरों से ओलावृष्टि से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निर्देश दिए कि प्रभावित जिलों में फसल खराबे का आकलन शीघ्रता से करवाने के लिए गिरदावरी करवाई जाए। उन्होंने सीकर, चूरू, बीकानेर, झुंझुनूं, और खैरथल-तिजारा के जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे गिरदावरी की रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने 7डी रिपोर्ट को 5 मार्च तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावित किसानों को राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से तुरंत मुआवजा दिया जा सके। ओलावृष्टि और बारिश के कारण श्रीगंगानगर, चूरू, कोटपूतली-बहरोड़, बीकानेर, अलवर जैसे कई इलाकों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। शनिवार शाम को भरतपुर और धौलपुर में बारिश के साथ ओले गिरे थे। अलवर में भी रात को तेज हवा के साथ बारिश हुई, वहीं झुंझुनूं के खेतड़ी और तिजारा के कई इलाकों में हुई ओलावृष्टि से खेतों में सफेद चादर बिछ गई थी।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य में अगले दो दिन मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। 5 मार्च से उत्तरी हवा चलने से रात के तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। चूरू में बीते 24 घंटे में 28.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो पिछले 10 वर्षों में फरवरी-मार्च के दौरान एक दिन में दर्ज की गई सबसे अधिक बारिश है। सीकर में भी कुल 6 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## राम-जानकी मंदिर के लिए दो डिसमिल जमीन दान में देने पर वीएचपी ने भुवनेश्वर मेहता को किया सम्मानित

एजेंसी

**पूर्णिया :** जिले के नगर प्रखंड के असरफ नगर निवासी भुवनेश्वर मेहता ने अपनी निजी सवा दो डिसमिल जमीन श्री राम-जानकी मंदिर असरफ नगर को दान में रजिस्ट्री करने की घोषणा रविवार को आयोजित सामूहिक बैठक में किया। भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि हमने पहले भी मंदिर को जमीन दान में दिया है। मेरा सवा दो डिसमिल जमीन मंदिर के बगल और पीछे में था, जिसे ग्रामीणों एवं विश्व हिन्दू परिषद् पूर्णिया जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार के विशेष आग्रह पर बगैर मुआवजा लिए दान देने का निर्णय लिया है। मंदिर समिति एवं ग्रामीण जब चाहे हमसे रजिस्ट्री केवाला मंदिर के नाम से करा लें। हमारी इच्छा है कि मंदिर का विकास हो और धार्मिक आयोजन के साथ साथ नित्य पूजा अर्चना राग भोग होता रहे। भुवनेश्वर मेहता के जमीन दान देने के निर्णय के बाद बैठक में उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए भुवनेश्वर मेहता का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि आज भी हमारे समाज में भुवनेश्वर बाबू जैसे धार्मिक लोग हैं जो अपनी लाखों की सम्पत्ति मंदिर को दान में दिया है। विहिप जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि भुवनेश्वर मेहता धन्यवाद और आभार के पात्र हैं। उन्होंने एक मिशाल कायम किया है। बैठक में उपस्थित लोगों ने भुवनेश्वर मेहता को अंगवस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया।

## माणा हिमस्खलनः 4 श्रमिकों की खोज के लिए बचाव अभियान तीसरे दिन भी जारी, एसडीआरएफ टीम इमेज कैमरा के साथ रवाना

एजेंसी

**देहरादून :** चमोली के माणा के पास हिमस्खलन की घटना में अभी भी चार श्रमिक फंसे हुए हैं। इन श्रमिकों को तलाशने के लिए रविवार को तीसरे दिन भी बचाव अभियान जारी है। रेस्क्यू के तीसरे दिन 10 घायलों को ज्योर्तिमठ पहुंचाया गया। एसडीआरएफ की संचार टीम मैन पैक रिपीटर और एक टीम विक्टिम लोकेटिंग और थर्मल इमेज कैमरा के साथ रवाना हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून के आईटी पार्क स्थित आपदा कंट्रोल रूम पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 04 और बचे श्रमिकों की खोजबीन के लिए अत्याधुनिक उपकरणों की मदद ली जा रही है। जीपीआर थर्मल



इमेजिंग कैमरा का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माणा के आसपास सभी प्रकार के संपर्क कट गए हैं। संचार सहित अन्य व्यवस्थाओं को बहाल करने की कोशिश जारी है।गांव जो संपर्क से कट गए हैं, वहां के लिए भी खाद्य सामग्री भिजवाई जा रही है। कुछ ब्लॉक में लाइट कट गई थी। जिसको बहाल कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आज मौसम ठीक है और बचाव कार्य तेज किया जाएगा। कल से मौसम फिर बिगड़ने वाला है। इसे देखते हुए उच्च इलाकों में जहां काम चल रहा है वहां मौसम को देखते हुए काम बंद रखने को कहा गया है। एसडीआरएफ पुलिस महानिरीक्षक रिधिम अग्रवाल के निर्देश पर माणा में चल रहे राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की एक विशेषज्ञ टीम हेलीकॉप्टर के माध्यम से विक्टिम लोकेटिंग कैमरा (वीएलसी) एवं थर्मल इमेज कैमरा के साथ सहस्त्रधारा से घटनास्थल के लिए रवाना हुई। जोशीमठ से एसडीआरएफ की संचार टीम भी मैन पैक रिपीटर के साथ बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना हुई। शुक्रवार को भारत-चीन सीमा पर स्थित सीमांत जिले चमोली के माणा के पास हिमस्खलन में कुल 55 श्रमिक फंसे हुए थे। 50 श्रमिक रेस्क्यू कर लिए गए हैं। एक श्रमिक सकुशल अपने घर हिमाचल प्रदेश पहुंच गया है। चार श्रमिकों की मृत्यु हो गई है। अभी भी चार श्रमिक फंसे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

**बिश्नोई समाज के संरक्षण कार्यों को हरियाणा सरकार से मिलेगा सहयोग**

## वन्यजीव संरक्षण के लिए चौधरीवाली सामुदायिक रिजर्व क्षेत्र घोषित

**हिसार :** बिश्नोई समाज के वन्य जीव संरक्षण कार्यों को अब राज्य सरकार का भी सहयोग मिलेगा। इसके तहत राज्य सरकार ने हिसार में जिले का पहला सामुदायिक रिजर्व के चौधरीवाली गांव में चौधरीवाली सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। इसमें हिरण, मोर, सांडा अर्थात स्पाइनी-टेल्ड लिजार्ड और मरूस्थलीय लोमड़ी डेजर्ट फॉक्स,जंगली बिल्ली, गीदड़ और बहुत से पक्षियों व कछुओं जैसे वन्यजीवों के संरक्षण होगा। वन्य जीव संरक्षण की मांग वाला प्रस्ताव ग्राम पंचायत कुलदीप डेलू. की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पारित करके सरकार को भेजा गया था। गांव की गौशाला के पास यह सामुदायिक रिजर्व 150 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और इसका उद्देश्य क्षेत्रीय जैव विविधता को संरक्षित करना और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित करना है। ग्रामवासियों की मांग व प्रचायत प्रस्ताव के अनुसार डिजिटल मानचित्र और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के साथ उपायुक्त हिसार और आदमपुर के तत्कालीन विधायक भव्य बिश्नोई की अनुशंसा सहित मामला सरकार को भेजा गया। राज्य सरकार ने इस इलाकें में समुदाय के प्रयासों को महत्व देते हुए आरक्षित क्षैत्र घोषित किया गया। अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कड़वासरा द्वारा तैयार की गई 100 पेज से अधिक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में इस इलाके के सभी प्रकार के जीव जंतुओं और पेड़ पौधों का सचित्र विवरण दिया गया है, जिन्होंने जैव विविधता संरक्षण में अपने लंबे अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए इस परियोजना को आकार दिया है।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी

**भोपाल :** स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री और देश की पहली महिला गवर्नर सरोजनी नायडू की आज रविवार को पुण्यतिथि है। सरोजिनी नायडू उन महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने भारत को आजादी दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया था। सरोजिनी नायडू को लोग भारत कोकिला के नाम से जानते है। उनकी पुण्यतिथि पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा स्वतंत्रता सेनानी, भारत कोकिला




सरोजिनी नायडू जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ। शब्दों में क्रांति और हृदय में राष्ट्रभक्ति की अमर ज्योति प्रज्ज्वलित कर आपने स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया, जो प्रत्येक देशवासी को राष्ट्र पुनर्निमाण एवं मातृभूमि की सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।

# अनीता के हाथों से बनी पपीते और आंवले की बर्फी ने बनाई अलग पहचान

एजेंसी

**हमीरपुर :** घी और तेल की चिकनाई तथा चीनी से परहेज करने वाले लोग भी क्या बर्फी, लड्डू-पेड़े के स्वाद का मजा ले सकते हैं? क्या इन लोगों को ऐसी बर्फी, लड्डू और पेड़े खाने को मिल सकते हैं, जिनमें घी, तेल और चीनी का प्रयोग ही न किया गया हो? क्या घी या तेल और चीनी के बगैर भी इस तरह की मिठाइयां बनाई जा सकती हैं? अमूमन, आपको इन सभी प्रश्नों के उत्तर तो ह्यनाह्न में ही मिलेंगे। लेकिन, हमीरपुर जिले के नादौन उपमंडल के एक छोटे से गांव जंदली गुजरां में आपको इस तरह की अत्यंत स्वादिष्ट, पौष्टिक गुणों से भरपूर और घी-तेल एवं चीनी से रहित मिठाइयां मिल जाएंगी। ये गुणकारी मिठाइयां किसी बड़े उद्यम या फैक्टरी में नहीं बन रही हैं। बल्कि, एक आम ग्रामीण महिला द्वारा बनाया गया एक छोटा सा महिला स्वयं सहायता समूह ही ये मिठाइयां बना रहा है। राधे कृष्णा स्वयं सहायता समूह की इन




गुणकारी मिठाइयों ने सिर्फ जिला हमीरपुर में ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। नादौन उपमंडल के रंगस क्षेत्र के गांव जंदली गुजरां की अनीता ठाकुर ग्रामीण क्षेत्रों की आम महिलाओं की तरह ही अपना जीवन-यापन कर रही थीं। वह गाय-भैंस का दूध बेचकर हर माह कुछ आय अर्जित कर रही थी। अपनी आय बढ़ाने के लिए उन्होंने आतमा परियोजना की मदद से छोटे पैमाने पर पनीर और खोआ का उत्पादन शुरू किया। इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिला स्वयं सहायता समूह के गठन के लिए प्रेरित किया। अनीता ठाकुर ने राधे कृष्णा स्वयं सहायता समूह का गठन किया और कृषि विज्ञान केंद्र में अचार, चटनी, आंवला कैंडी और अन्य मिठाइयां बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कुछ वर्ष पहले पति की मृत्यु के बाद अनीता ठाकुर पर परिवार की पूरी जिम्मेवारी भी आ गई। इसलिए, उन्होंने अपनी आय बढ़ाने के लिए राधे कृष्णा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से पपीते और आंवले इत्यादि की मिठाई का उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया। आज यह समूह बड़े पैमाने पर पपीते और आंवले की बर्फी, लड्डू, पेड़े और कैंडी तैयार कर रहा है। इन सभी मिठाइयों में घी, तेल और चीनी का प्रयोग नहीं किया जाता है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण घी और तेल की चिकनाई तथा चीनी से परहेज करने वाले लोग भी इन मिठाइयों का स्वाद ले सकते हैं। पौष्टिकता और अन्य गुणों से भरपूर ये मिठाइयां सिर्फ जिला हमीरपुर में ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों तथा बाहरी राज्यों में भी खूब पसंद की जा रही हैं। अनीता ठाकुर ने बताया कि मिठाइयों के उत्पादन से उन्हें काफी अच्छी आय हो रही है और इससे लगभग 10 अन्य महिलाओं को भी सीधा रोजगार मिल रहा है। उन्होंने इसी आय से नया मकान बनाया और लड़की की शादी भी की। वह अपनी दो अन्य बच्चों का पालन-पोषण भी कर रही हैं।

## मणिपुरः 15 एकड़ अफीम की खेती नष्ट, कई बंकर ध्वस्त, हथियारों का जखीरा बरामद

एजेंसी

**इम्फाल :** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के खुड़ई लाइफम पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बल और वन विभाग ने एसडीएम, तेंगनौपाल की उपस्थिति में अवैध अफीम की खेती नष्ट करने का अभियान चलाया। इस दौरान तेंगनौपाल थाना क्षेत्र में फैले 15 एकड़ क्षेत्र में अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। दूसरी कार्रवाई में, सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के थिंगसाट हिल रेंज में मार्क हिल पर दो अवैध बंकरों को ध्वस्त किया। इसके अलावा, वाकान हिल रेंज में कांगपोकपी और इम्फाल ईस्ट जिलों की सीमा पर तीन अन्य अवैध बंकरों को नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। इनमें 5.56 मिमी इंसास एलएमजी, एके-56 राइफल, एसएलआर राइफल, एसएमजी 9 मिमी कार्बाइन, .303 राइफल, डबल बैरल गन, विभिन्न मैगजीन और गोलियां



शामिल हैं। साथ ही, चार उच्च विस्फोटक हैंड ग्रेनेड, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, दो कैमोफ्लाज हेलमेट, तीन बुलेटप्रूफ जैकेट, चार बीपी प्लेट्स, एक मैगजीन पाउच और एक खुकरी भी बरामद की गई। यह बरामदगी लामशांग थाना क्षेत्र के सैरमखुल इलाके से की गई।

सुरक्षा बलों द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अवैध गतिविधियों पर सख्त शिकंजा कसा जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### महासदाशिव मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह प्रखंड में आज महासदाशिव मंदिर मरदा के सप्तम वार्षिकोत्सव की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से हुई। पूर्वनिश्चित कार्यक्रमानुसार पूजा पाठ के साथ दुर्गामंदिर नवागढ़ से शोभा यात्रा निकली गई जो रायडीह थाने (पेट्रोल पंप) के पास कुलमुंडा एवं मरदा की ओर से आने वाली मंडलियों के साथ जुड़ कर महासदाशिव मंदिर प्रांगण तक आई। इस बार कलश यात्रा में 101 ध्वजवाहक आगे आगे चल रहे थे एवं उसके पीछे थे साधु संत, आचार्यगण,गणमान्य लोग, भक्तजन, कीर्तन मंडली एवं पाइका/नटुआ नृत्य दल । इसके बाद कलश यात्रियों की लंबी कतार थी, उसके बाद कानपुर के पधारे कलाकारों की सजीव झांकी का दृश्य था जिसका मुख्य आकर्षण था शिवजी के गले में विशाल सजीव सांप और अजगर एवं उनकी क्रियाशीलता।
इसके पीछे पुनः श्रद्धालु कलश वाहकों की टोली, बीच में बैंड पार्टी, और बीच में पुनःश्रीधर सेवा संस्थान की ओर से निर्मित युवतियों की झांकी, फिर ताशा पार्टी और अंत में पुनः कलश यात्रियों की लंबी कतार। पूरी राह में हर हर महादेव और जय श्री राम के जयकारे से सारा वातावरण गुंजायमान था। श्रद्धालु भक्ति रस से सराबोर थे और अलौकिक आनंद की अनुभूति कर रहे थे। मार्ग पर सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की थी। कलश यात्रा की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं को शरबत उपलब्ध कराया गया। इसके उपरांत भक्तजनों के बीच साधु संतों का प्रेरणात्मक प्रवचन हुआ। ढाई बजे आकर्षक अखण्ड हरिकीर्तन प्रारंभ हुआ। इसी बीच त्रयंबकेश्वर से पधारे आचार्यों द्वारा मंदिर में यज्ञोपवीत कार्य अनवरत चलते रहे। परिसर में बने विशाल सांस्कृतिक मंच पर श्री हुलास महतो के नेतृत्व में विभिन्न विधाओं के मनमोहक नागपुरी गीत, नृत्य प्रस्तुत किए गए जिसमें गोलवारी, मदार्ना झूमर, डोमकच, फगुआ और भक्तिगीत प्रमुख थे। इस आकर्षक शोभा यात्रा में बाहर से आए अनेक साधु संतों, महात्माओं गणमान्य अतिथियों के अतिरिक्त मंदिर संचालन समिति के सारे अधिकारी, सदस्य , श्रीधर ज्ञान एवं सेवा संस्थान के अधिकारीगण, कर्मी, क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया जिनमें, अनिरूद्ध सिंह, विज्ञान सिंह, जशपुर राजघराने से यश प्रताप जूदेव, विनय लाल, जगनारायण सिंह, शंकर पाण्डे , सरयू प्रसाद, दामोदर ठठेरा, संजीव उर्वशी, जोगेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, रामप्रसाद साहू, श्यामसुंदर प्रसाद, रूपेश लाल, कमलेश सिंह, कमल रजक, भगवत सिंह, निर्मल सिंह, संजय सिंह, राजे, शैलेन्द्र, केशव सिंह, काशी सिंह ,अजय जी, कुंती देवी, यशोदा देवी आदि उपस्थित थे । भंडारे में आज दोपहर तक 6000 से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर लिया था। यह जानकारी महासदाशिव मंदिर संचालन समिति मरदा के मुख्य संरक्षक अनिरुद्ध सिंह ने दी।

### धूमधाम से मनी त्रिमूर्ति शिव जयंती, बुराई छोड़ने का लिया संकल्प

**सरायकेला :** चांडिल डैम रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शनिवार को 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महापर्व मनाया गया। त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का शुभारंभ शिव ध्वजारोहण कर बुराई छोड़ने के संकल्प के साथ हुआ। त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव में चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय समेत कई गणमान्य शामिल हुए। इस उपलक्ष्य पर लगभग 201 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा चांडिल नगर का भ्रमण कर वापस केंद्र पहुंचकर संपन्न हुआ। 89वीं शिव जयंती महोत्सव महापर्व के अवसर पर कलश यात्रा के बाद शिवध्वज फहराया गया।
कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल के ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी अंजु दीदी ने लोगों को प्रवचन देते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा शिव संसार को पावन और सुखी बनाने के लिए प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि पवित्रता और शुद्धता का पालन करते हुए शिव के अर्पण होकर सभी को संसार की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि परमपिता शिव के अवतरण का यादगार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### लांडुपोदा उप स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू करने की मांग

**चाईबासा :** बंदगांव प्रखंड की लांडुपोदा पंचायत के राजापारम गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार होने के बावजूद शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने से लोगों को इलाज के लिए दूर जाना पड़ता है। इसके चालू हो जाने से पंचायत की करीब पांच हजार आबादी को सुविधा होगी। इसलिए अस्पताल का जल्द उद्घाटन कर यहां मरीजों का इलाज शुरू किया जाए। ताकि लोगों को देर रात भी इलाज उपलब्ध हो सके।
मुखिया कुश पूर्ति ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्या व मांग को जल्द ही डीसी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, ताकि यथाशीघ्र अस्पताल चालू किया जा सके। मौके पर चुम्बरू पूर्ती, सुषमा पूर्ती, नानिका पूर्ती, सुशीला पूर्ती, गांधी पूर्ति समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड दिशोम सरहुल समिति के अध्यक्ष बने दिलीप किस्कू

**सरायकेला :** झारखंड दिशोम सरहूल (बाहा) समिति की बैठक शनिवार को चांडिल गोलचक्कर स्थि जाहेरथान में संयोजक गुरुचरण किस्कू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। नई समिति में दिलीप किस्कू को अध्यक्ष और सुगी हांसदा को सचिव बनाया गया। इसके अलावा समिति में संयोजक गुरुचरण किस्कू, सह संयोजक चारुचांद किस्कू, मांझी बाबा तारांचाद टुडू, उपाध्यक्ष गुरुपद हांसदा, सह सचिव मोतीलाल सोरेन, कोषाध्यक्ष बैधनाथ टुडू, प्रेस प्रवक्ता सुदामा हेम्ब्रम को बनाया गया है। झारखंड दिशोम सरहुल (बाहा) जाहेरथान में आगामी एक अप्रैल को सरहुल पर्व मनाया जाएगा। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नई समिति को सरहुल की तैयारी करने और इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का जिम्मा दिया गया है। बैठक में अरूण टुडू, सोनाराम मार्डी, मनीष टुडू, कासिम किस्कू, शत्रुघ्न मुर्मू, दारायबुरू हांसदा, गुरुपद मार्डी, सोमाय टुडू, सिमल बेसरा, सुमित टुडू, दिनेश मुर्मू, तुम्बा मांझी, कालू टुडू, धनीराम हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

### सांसद जोबा माझी ने सोनुवा में अनाज गोदाम का किया उद्घाटन

चाईबासा : सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने शनिवार को सोनुवा प्रखंड के बेगुना गांव में नवनिर्मित सरकारी अनाज गोदाम का उद्घाटन किया। गोदाम की क्षमता एक हजार मीट्रिक टन है। इसका निर्माण खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मद से भवन प्रमंडल विभाग चाईबासा द्वारा करीब एक करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। सांसद ने कहा कि बेगुना में गोदाम बनने से सोनुवा में पीडीएस तहत वितरण किये जाने वाले अनाज के रख-रखाव में सुविधा होगी। सोनुवा प्रखंड कार्यालय स्थित पुराने गोदाम पर बोझ भी कम होगा। उन्होंने गोदाम परिसर की चाहारदीवारी का निर्माण जल्द कराने की बात कही। जिससे गोदाम में अनाज सुरक्षित रह पाये। उद्घाटन के बाद सांसद ने गोदाम भवन का निरीक्षण भी किया। भवन की दीवारों में पड़ी दरार व पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। मौके बीडीओ सोमनाथ उरांव, सीओ अनुज टेटे, जिप सदस्य सुहागी मुर्मू, जगदीश नायक, आसनतलिया पंचायत की मुखिया सुप्रिया बोदरा व अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने महाशिवरात्रि पर बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को किया सम्मानित

**बिनय मिश्रा**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि व शिवबारात के सफल संचालन को लेकर महाशिवरात्री महोत्सव 2025 सम्मान समारोह का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, अधिकारियों तथा कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही महाशिवरात्रि व शिवबारात का सफलता पूर्वक आयोजन संपन्न कराया जा सका है। आगे उन्होंने कहा कि सभी ने




अपने अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी तत्परता से की है और इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। इस महाशिवरात्री महोत्सव में जिले ने कई कीर्तिमान स्थापित किए है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि मेला के दौरान अधिकारियों, दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व जवानों के पुरी कर्तव्यनिष्ठा व जवाबदेही के साथ अपने ड्यूटी का निर्वहन किया। जिसका परिणाम रहा कि पूरे महाशिवरात्रि 2025 को बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराया जा सका।
इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, यातायात डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद, हेडक्वार्टर डीएसपी वेंकटेश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, ट्रैफिक इंचार्ज माईकल कोड़ा, सहयोगी अधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

### हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल सिमडेगा में हुआ

**सिमडेगा ।** भारतीय खेल प्राधिकरण ( युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) एवम हॉकी इंडिया के सहयोग से हॉकी झारखंड के द्वारा झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग 2025 सब जूनियर और जूनियर महिला का आयोजन 17 से 24 मार्च 2025 तक आयोजित है। इन दोनो वर्गों के प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला टीम की भागीदारी के लिए जिला टीम गठन हेतु खिलाड़ियों चयन ट्रायल आज एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित हुई। जिसमे सब जूनियर वर्ग में 46 और जुनियर वर्ग में 25 कुल 71 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनका ट्रायल के उपरांत जूनियर में 22 और सब जुनियर में 25 खिलाड़ी चयनित किए गए हे। इनका अभी 12 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के उपरांत बेस्ट 18= खिलाड़ियों को जिला टीम से उपरोक्त प्रतियोगिता में खेलने का अवसर दिया जाएगा।

### रांची हरमू रोड़ स्थित श्याम मंदिर में फागुन माह में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**बिनय मिश्रा**

रांची हरमू रोड़ में अवस्थित बहु प्रसिद्ध श्याम बाबा के मंदिर में यूं तो हमेशा भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है तथा श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने और पूजा अर्चना हेतु पहुंचते रहते हैं किंतु फागुन माह के अवसर पर श्याम



दरबार में श्रद्धालु और भक्तजनों की भीड़ देखते ही बनती है प्रत्येक दिन और विशेष कर शनिवार को श्याम बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं का विशाल जनसमूह उमड़ता है और लोग बाबा के दरबार में उपस्थित होकर काफी आनंदित और प्रसन्नचित होते हैं श्रद्धालुओं के द्वारा व्यापक रूप से प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाता है जो निश्चित तौर पर एक उत्कृष्ट कार्य भी है महिला ,पुरुष ,बच्चे सभी वर्ग के लोग बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर काफी प्रसन्नचित होते हैं ।भक्त यहाँ आकर काफी आनंदित महसूस करते हैं हरमू रोड़ स्थित श्याम बाबा मंदिर भव्य और आकर्षक होने के साथ-साथ इसकी अलौकिक सुंदरता भी देखने योग्य है बाबा के दरबार में यूं तो प्रतिदिन भक्त जनों श्रद्धालु की उपस्थिति देखी जाती है किंतु वर्तमान समय में फागुन माह में भक्त जनों और श्रद्धालुओं में बेहद उत्साह और उमंग भी देखा जाता है।
हारे के सहारे
खाटू श्याम की जय

# झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने उपायुक्त से किया मुलाकात

### बच्चों के संरक्षण एवं सुरक्षा को लेकर भी चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**ज्योति पाठक**

झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुश्री रूचि कुजूर, विकास दोदराजका और डॉ. आभा वीरेन्द्र अकिंचन ने अपने खूँटी दौरे के दूसरे दिन उपायुक्त लोकेश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान जिले में नाबालिगों से जुड़े यौन शोषण, बाल संरक्षण एवं अधिकारों से संबंधित मामलों को लेकर विस्तार से चर्चा किया।
उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रनिया प्रखंड में बच्चियों के साथ घाटे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पश्चात आयोग की टीम ने पीड़िता और उसके परिवार से उनके गाँव जाकर मुलाकात की और उनकी स्थिति की जानकारी भी ली। ऐसी घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा उपायों पर भी चर्चा की गई। पीड़िता को हर संभव सहायता मिले और उसकी शिक्षा, सामाजिक पहचान और उन्नति में किसी प्रकार की बाधा न आए इस पर भी जोर दिया गया। इसके अलावे



चाइल्ड एक्ट, पोक्सो एक्ट, स्पॉन्सरशिप स्कीम, बाल तस्करी और बाल श्रम की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। आयोग ने जिले में बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण जैसे कार्य को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।
बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम के मद्देनजर पंचघाघ जलप्रपात पिकनिक स्थल पर स्कूली छात्राओं के साथ एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आयोग की सदस्य सुश्री रूचि कुजूर ने छात्राओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में उन्हें किस तरह से सामना करना चाहिए, किससे संपर्क करना चाहिए और सहायता कैसे प्राप्त करनी है। छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देकर इसका महत्व समझाया गया।

# वाटरशेड जागरूकता यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलछालन मिशन के तहत बोलबा प्रखंड अंतर्गत कादोपानी पंचायत में वाटरशेड जागरूकता कार्यक्रम का उप विकास आयुक्त, सिमडेगा संदीप कुमार दोराईबुरु की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी मो. दानिश मिराज, तकनीकी विशेषज्ञ हउऊ्र पदाधिकारी श्री सुभाष कुमार, परियोजना पदाधिकारी, ञ्ख्र्र, मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जलछाजन कार्यक्रम से जुड़े पास्कल डुंगडुंग, ममता एक्का, प्रदीप भगत, राजेश तिर्की, कमला देवी, नित्यानंद सिंह, भोगेश्वरी देवी, आमद कुमुद, मेनन तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।
भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार से प्राप्त निदेशों के अनुक्रम में प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड 2.0 परियोजना के कार्यक्षेत्र में वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन दिनांक 27.02.2025 से किया जा रहा है। जिसका मुख्य उदेश्य मिटटी - जलसंरक्षण और वाटरशेड संरचनाओं के विकास के प्रति आम जन को जागरूक करना है एवं विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभ के संदर्भ में जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ाना है।
इसी तरह सिमडेगा जिले में आज प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड विकास 2.0 योजना के विभिन्न आयामों को समाहित कर भारत सरकार द्वारा डिजाईन की गई प्रचार रथ (वैन) का परियोजना के क्षेत्रों में भ्रमण जो 27 फरवरी से 01 मार्च 2025 तक परियोजना क्षेत्र बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत एवं समसेरा पंचायत के ग्रामों मे भ्रमण करते हुये ग्रामीण-जनों को संवेदित एवं जागरूक करने का कार्य करेगी। यात्रा के माध्यम से वाटरशेड महोत्सव, श्रमदान वृक्षारोपण एवं जागरूकता की गतिविधियाँ की जा रही है।
उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा वृक्षारोपण किया गया साथ हीं जलछाजन को अपनाने, मिट्टी कटाव को रोकने एवं जल स्तर को बढ़ाने से संबंधित शपथ ग्रहण कराई गई। मिट्टी कटाव एवं जल संरक्षण पर स्कूल के छात्रों के बीच ड्राइंग एवं अन्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्रों को प्राइज वितरण कर उनके मनोबल को बढ़ाया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा ग्रामीणों को जलछाजन अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। साथ हीं जलछाजन को अपनाते हुए मिट्टी कटाव को रोकने एवं जल स्तर को बढ़ाने का ग्रामीणों को बतलाया गया।

### रायडीह और सिसई प्रखंड के नागरिकों ने वीसी के माध्यम से साझा की अपनी समस्याएं

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी गुमला की अध्यक्षता में आज आयोजित हुए साप्ताहिक ई-जनशिकायत कार्यक्रम में डुमरी और जारी प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया।
कार्यक्रम में डुमरी और जारी प्रखंड से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, ढट किसान और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से आवास निर्माण, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, केसीसी आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती,ढट किसान, जलमीनार मरम्मती, चैकडेम निर्माण, आदि के सम्बन्ध में कई नागरिकों ने श्उ के माध्यम से समस्याओं को रखा। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया।
उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन समारोह का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के तत्वावधान में आज टाऊन हॉल गुमला में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा और विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मोहम्मद बेलाल अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, एसडीओ सदर राजीव नीरज, एसडीओ चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम, डीसीएलआर राजीव कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएसपी गुमला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।
मुख्य अतिथि उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी नागरिक को सरकारी योजनाओं की जानकारी होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुखियाओं को केवल ग्रामीण विकास तक सीमित न रहते हुए अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन दिलाने और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मुखिया की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को समझें और उनके क्रियान्वयन में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर शिक्षा में सुधार हेतु मुखियाओं को अग्रणी भूमिका निभानी होगी और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए सतत प्रयास करने होंगे।
पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समाज को एक नई दिशा में ले जाना होगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तस्करी, नशा, और डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी प्रकाश डाला और मुखियाओं से



आग्रह किया कि वे ग्राम सभाओं के माध्यम से इन मुद्दों पर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि गांवों और टोलों में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।
जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मोहम्मद बेलाल अहमद ने लड़कियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक लड़की को शिक्षित करने का अर्थ है आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाना। उन्होंने मुखियाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।
जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा के अभाव के कारण ही समाज में अंधविश्वास जैसी कुरीतियां फैली हुई हैं। उन्होंने मुखियाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के बच्चों को स्कूल भेजने और उनकी पढ़ाई को सुनिश्चित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारा समाज प्रगति करे, तो हमें शिक्षा की ज्योति जलाए रखनी होगी और इसे हर बच्चे तक पहुंचाना होगा।
जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालयों के सुचारू संचालन, मध्यान्ह भोजन योजना, बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, तथा मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्यों में मुखियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में पलायन की घटनाओं के कारण कई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, जिनके लिए विशेष शिक्षा की व्यवस्था की गई है। यदि किसी पंचायत में ऐसे दिव्यांग बच्चे हैं जो विद्यालय नहीं जा सकते, तो उन्हें चिन्हित कर उनकी जानकारी दी जाए ताकि उन्हें होम शिक्षकों के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने सीएमसी (स्कूल प्रबंधन समिति) के चुनाव में अच्छे और योग्य व्यक्तियों का चयन करने की आवश्यकता पर जोर दिया और विद्यालयों में रसोइयों के चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मुखियाओं से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त गुमला, जिला परिषद उपाध्यक्ष और एसडीओ सदर ने भी अपने विचार रखे और शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से इसे मजबूत करने का आह्वान किया। सम्मेलन में भाग लेने वाले कई मुखियाओं ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 मुखियाओं को सम्मानित किया गया।